दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
4 अभिव्यक्ति — भारत-ब्राजील के कूटनीतिक संबंधों में...
6 आंचालिक — अस्थाई व्यवसायियों के व्यवस्थापन की...
9 मनोरंजन/व्यापार — पहाड़ों पर अपना घर चाहती हैं आलिया
11 खेल — टेलर के विस्फोटक शतक से जीता...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, गुरूवार 6 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-296 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना के कहर ने चीन को हिलाकर रख दिया है। मजबूरी का नाम महात्मा गांधी की तर्ज पर वहां लोग शाकाहारी बन रहे है। कल तक चीनी जिन जीव जंतुओं को बड़े चाव से खाते थे आज उसे मार कर जला रहे हैं। कोरोना वायरस ने चीन की अर्थव्यवस्था पर भी चोट की है। पाकिस्तान के लिए गेहूं के साथ घुन पिसने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जिसकी पहले ही हालत पतली है। गधे, घोड़े और कुत्ते बेच कर चीन से चार पैसे कमाने वाले भिखारीस्तान का भट्टा बैठ गया है। वहां भुखमरी के हालात पैदा हो जाएंगे जो कोरोना वायरस से भी ज्यादा घातक सिद्ध होंगे।

निर्भया: एक साथ होगी फांसी

7 दिन में आजमा लें सभी कानूनी विकल्प: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्भया के दोषियों को जल्द-से-जल्द फांसी पर लटकाने की मांग वाली केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सभी दोषियों को एकसाथ ही फांसी होगी। कोर्ट ने साथ ही निर्भया के सभी दोषियों को 7 दिन के अंदर सभी कानूनी उपायों को आजमाने की डेडलाइन भी दे दी है।

बता दें कि निर्भया केस को दोषियों की डेथ वारंट दो बार टल चुका है। दोषी अलग-अलग मामले में कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करते हुए लगातार डेथ वॉरंट टलवाने में सफल हो जा रहे थे। लेकिन अब हाई कोर्ट ने उन्हें 7 दिन के अंदर ही सभी वैकल्पिक उपाय आजमाने को कहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने दोषियों की फांसी में देरी पर अथॉरिटीज को लताड़ भी लगाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक सप्ताह के बाद डेथ वॉरंट लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

कोर्ट में जज सुरेश कैत ने जेल मैनुअल के रूल भी पढ़े। कैत ने कहा कि जेल मैनुअल के नियम 834 और 836 के अनुसार के एक ही मामले में एक से ज्यादा सजा पाए दोषियों की अगर याचिका लंबित रहती है तो फांसी टल जाती है, कुछ बातों पर स्पष्टता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि निचली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दोषियों को अलग-अलग फांसी की सजा की मांग वाली याचिका खारिज की

कोर्ट ने कानूनी विकल्पों के इस्तेमाल के लिए सभी दोषियों के लिए 7 दिन की डेडलाइन भी तय की

दोषियों का दो बार टल चुका है डेथ वारंट

दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले पर निर्भया की मां आशा देवी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अब सभी दोषियों के पास 7 दिन का समय है कानूनी विकल्प आजमाने के लिए। इसके बाद दोषियों को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए।

फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केंद्र और दिल्ली सरकार

नई दिल्ली ए.। केंद्र सरकार निर्भया मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के ताजा आदेश के खिलाफसुप्रीम कोर्ट चली गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आज निर्भया के दोषियों को बाकी बचे सभी कानूनी उपचारों के इस्तेमाल के लिए 7 दिन की मोहलत दे दी। इसके खिलाफकेंद्र सरकार के साथ-साथ उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन (एसएलपी) फाइल की है। हालांकि, याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकार की दलीलों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए निर्भया के दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की गई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने 31 दिसंबर को निर्भया के दोषियों के लिए जारी दूसरे डेथ वॉरंट को टालते हुए अगले आदेश तक फांसी दिए जाने पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने ट्रायल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन हाई कोर्ट ने भी आज निर्भया के दोषियों को बाकी बचे कानूनी उपचारों को 7 दिन के अंदर आजमा लेने का आदेश दिया और कहा कि चारों दोषियों मुकेश, पवन, विनय और अक्षय को एक साथ ही फांसी दी जाएगी, न कि अलग-अलग। जबकि केंद्र सरकार की यही दलील थी कि चूंकि मुकेश के सारे कानूनी विकल्प खत्म हो गए हैं, इसलिए उसे अकेले फांसी पर चढ़ाया जा सकता है। इसी तरह आगे भी एक-एक कर दोषियों को फांसी दी जा सकती है। तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट से कहा था वह किसी भी आदेश को लागू करने को तैयार है। यानी, अगर उसे किसी दोषी को तुरंत फांसी पर लटकाने का आदेश मिले तो भी पूरी तैयारी है।

अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट गठित

नयी दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद में अयोध्या स्थित श्री रामजन्म स्थली पर भव्य मंदिर के निर्माण के लिए एक स्वायत्त ट्रस्ट के गठन और विवादित स्थल पर केन्द्र द्वारा अधिगृहीत 67.703 एकड़ भूमि ट्रस्ट को हस्तांतरित करने की घोषणा की।

श्री मोदी ने लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही प्रश्नकाल से पहले एक संक्षिप्त वक्तव्य में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह भी फैसला हुआ है कि सुन्नी वक्फबोर्ड को भी उसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी ने कहा, हमारी संस्कृति, परंपराएं, हमें वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः का दर्शन देती हैं और इसी भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। इस ऐतिहासिक क्षण में हम सभी सदस्य मिलकर अयोध्या में श्रीराम धाम के जीर्णोद्धार के लिए, भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए, एक स्वर में अपना समर्थन दें। इस घोषणा के बाद सत्तापक्ष के सदस्यों ने कई बार मेजें थपथपा कर एवं हर्षध्वनि से इसका स्वागत किया जबकि विपक्ष के खेमे में खामोशी छायी रही।

सदियों से कर रहे इंतजार शीघ्र ही समाप्त होगा: शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा, 'मुझे पूर्ण विश्वास है कि करोड़ों लोगों का सदियों से जारी इंतजार शीघ्र ही समाप्त होगा और वे प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर उनके भव्य मंदिर में उनके दर्शन कर पाएंगे।' शाह ने कहा, 'श्री राम जन्मभूमि पर उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार आज भारत सरकार ने अयोध्या में श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए अपनी कटिबद्धता दिखाते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नाम से ट्रस्ट बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

राममंदिर आस्था, विश्वास का अद्भुत संगम होगा: नड्डा

भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अयोध्या में भगवान् श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के वास्ते प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ट्रस्ट के गठन की घोषणा का स्वागत करते हुए आज कामना की कि यह मंदिर विश्व भर के करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का एक अद्भुत संगम होगा। श्री नड्डा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के आलोक में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण की दिशा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की घोषणा कर सभी भारत वासियों का मान रखा है।

खास खबर

कैदियों के मानवाधिकारों के संबंध में केंद्र से जवाब तलब

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद कैदियों के मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन मामले में बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि देश भर की जेलों में रिक्तियों और कैदियों के बोझ से निपटने के लिए वह क्या कदम उठाएगी। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र सरकार को न्यायमूर्ति अमिताव रॉय कमेटी की रिपोर्ट पर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया।

श्रीनगर: जवान शहीद दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में श्रीनगर-बारामुला रोड पर आतंकवादियों के साथ बुधवार को हुयी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद हो गया जबकि सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया और एक आतंकवादी को जिन्दा गिरफ्तार कर लिया।

सहकारी बैंक भी आयेंगे आरबीआई के दायरे में

नई दिल्ली (वार्ता)। अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों की तरह सहकारी बैंकों का नियमन भी अब रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दायरे में आ जायेगा और उनका भी ऑडिट होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को यहाँ हुई बैठक में इस संबंध में जरूरी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गयी।

सीएए: लोगों को गुमराह कर रहा विपक्ष: नकवी

नई दिल्ली (वार्ता)। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सीएए को लेकर विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने तथा भ्रम पैदा करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को राज्यसभा में स्पष्ट किया कि इससे किसी हिन्दुस्तानी की नागरिकता को कोई खतरा नहीं है।

अब हम हथियार खरीद नहीं बेच रहे : मोदी

लखनऊ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछली सरकारों की नीतियों के कारण देश आजादी के बाद रक्षा विनिर्माण और उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर पाया और हथियारों का आयातक बनकर ही रह गया। श्री मोदी ने यहां एशिया की सबसे बड़ी रक्षा प्रदर्शनी डेफ एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद कहा कि आजादी के बाद की नीतियों के कारण देश रक्षा विनिर्माण और उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पूरी ताकत का अपेक्षा के अनुसार लाभ नहीं उठा पाया और हथियारों का आयातक बनकर रह गया। उन्होंने कहा,÷ दुनिया की दूसरी बड़ी आबादी, दुनिया की दूसरी बड़ी सेना और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, कब तक सिर्फ और सिर्फ आयात के भरोसे रह सकता था।

कांग्रेस सरकारों की नीतियों के चलते हथियारों का आयतक बनकर रह गया था देश

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद रक्षा क्षेत्र में नीतियों में बदलाव और सुधारों का सिलसिला तेज किया गया क्योंकि आयात का बिल निरंतर बढ़ रहा था। देश ने अब 50 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देखना शुरू किया है।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा राज्य मंत्री श्रीपद यसो नायक, चीफऑफ डिफेंस स्टाफतथा तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने चलाई वर्चुअल राइफल, लगाया निशाना

लखनऊ में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े हथियार मेले डिफेंस एक्सपो 2020 का उद्घाटन करने पहुंचे पीएम मोदी ने हथियारों के बारे में बारीकी से जानकारी ली। वर्चुअल राइफल सिस्टम को परखने के लिए खुद पीएम मोदी ने भी निशाना लगाया। बिना गोली खर्च किए ही उन्होंने इस वर्चुअल राइफल से एक के बाद एक कई निशाने लगाए। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदर्शनी में मौजूद एक रोबॉट से भी हाथ मिलाया और अधिकारियों से अत्याधुनिक हथियारों की बारीकियों को जाना।

मप्र: कैबिनेट ने पास किया सीएए विरोधी प्रस्ताव

भोपाल (नवप्रदेश)। मध्य प्रदेश सरकार ने भी केंद्र सरकार से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को हटाने की मांग का प्रस्ताव बुधवार को पास कर दिया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) में भी संशोधन की मांग की गई है। इससे पहले केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल और राजस्थान विधानसभा में सीएए विरोधी प्रस्ताव पास किया जा चुका है। मध्य प्रदेश विधानसभा में बुधवार को सीएए के खिलाफ और एनपीआर में संशोधन करने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश अब पांचवां राज्य बन गया है, जहां सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पास हो चुका है। विधानसभा में पेश किए गए प्रस्ताव में केंद्र सरकार से सीएए को रद्द करने और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की योजनाओं में संशोधन करने की अपील की गई। वहीं विपक्षी दल बीजेपी ने इस प्रस्ताव को लेकर सरकार पर हल्ला बोला।

घने कोहरे ने की दृश्यता कम, विमानों ने हवा में लगाए कई चक्कर

दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद की फ्लाइट हुई प्रभावित

रायपुर (नवप्रदेश)। मौसम में आए बदलाव और बदली-बारिश के बीच राजधानी में छा रहे घने कोहरे ने विमानों की आवाजाही को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज दिल्ली सहित पांच प्रमुख शहरों से आने वाली फ्लाइट कम दृश्यता के चलते विमानतल पर तय समय पर उतर नहीं पाई।

विमानन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में आज सुबह से छाए घने कोहरे ने पांच बड़े शहरों से आने वाले विमानों को तय समय पर एयरपोर्ट में लैंड होने नहीं दिया। कम दृश्यता के चलते पायलट विमानों को रनवे पर सही तरीके से लैंड नहीं करा पा रहे हैं। बताया गया कि आज सुबह दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, इंदौर और बंगलौर से राजधानी रायपुर आने वाली फ्लाइटें घने कोहरे के कारण ही लेट हो गई। कम दृश्यता के चलते विमानों का सही ढंग से रनवे पर लैंड नहीं हो पाने के कारण यात्री खासे हलाकान होते रहे। दिल्ली से सुबह आने वाली फ्लाइट के पायलट ने कम विजिबलिटी के चलते विमान को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला आज धरती पर लौटेगी

नयी दिल्ली (वार्ता)। अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला का रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद अमेरिकी की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच गुरुवार को धरती पर लौटेंगी।

सुश्री कोच 328 दिन तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहने और विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों तथा मिशनों को अंजाम देने के बाद धरती पर वापस आ रही हैं। इससे पहले कोई भी महिला अंतरिक्ष यात्री इतने लंबे मिशन पर नहीं गयी हैं। पिछला रिकॉर्ड अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पेगी विटसन के नाम था जो 2016-17 के दौरान स्टेशन कमांडर के रूप में 288 दिन तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रही थीं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का कहना है कि इस मिशन से वैज्ञानिकों को भविष्य के चंद्र एवं मंगल मिशनों के लिए महत्वपूर्ण डाटा मिले हैं। सुश्री कोच के साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री लूका परमितानो और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्वामी विवेकानंद के साथ पीएम मोदी की तुलना पर अधीर रंजन ने दिया फिर अमर्यादित बयान

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में फिर से एक असंसदीय शब्द का इस्तेमाल कर दिया। उन्होंने बीजेपी के एक सदस्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना स्वामी विवेकानंद से किए जाने पर आपत्ति जताते हुए पीएम के लिए एक ऐसे शब्द का इस्तेमाल कर दिया, जिसे सदन की कार्यवाही से हटाना पड़ गया। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आध्यात्मिक युग में रहते थे, जबकि हम भौतिक युग में हैं। उसके बाद के एक शब्द ने सदन में बवाल खड़ा कर दिया। इस दौरान उनकी बीजेपी के कुछ सदस्यों से नोकझोंक भी हुई।

गरमा-गरम

लाभ का वन — राज्य सरकार ने तैयार की विस्तृत कार्ययोजना, समर्थन मूल्य पर वनोपज क्रय से लगभग 4 लाख संग्राहक होंगे लाभान्वित

वनोपज बनेगा ग्रामीणों की आजीविका का आधार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश में लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका से जोड़ने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। राज्य सरकार द्वारा 22 लघु वनोपजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया गया है। परियोजना के माध्यम से वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी से लगभग 4 लाख संग्राहक लाभान्वित होंगे। वनोपज के व्यापार से महिला स्व-सहायता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ 22 लघु वनोपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा संग्रहण
- ■ महिला स्व-सहायता समूह हाट बाजारों में करेंगी लघु वनोपजों का क्रय
- ■ वन धन विकास केन्द्र में होगा लघु वनोपजों का प्राथमिक प्रसंस्करण
- ■ प्रसंस्करण की कमान संभालेंगी समूहों की 50 हजार महिलाएं
- बस्तर संभाग के लिए 108.56 करोड़ की परियोजना को मंजूरी
- 282.70 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

839 हाट बाजारों में संग्रहण केन्द्र

139 हाट बाजारों में वन धन विकास केन्द्र स्थापित

लघु वनोपज संग्रहण और प्राथमिक प्रसंस्करण

बाजार सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर लघु वनोपज के उत्पादन की जानकारी तैयार की गयी, जिला यूनियनों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत 200 करोड़ रूपए से अधिक मूल्य की वनोपजों के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारण किया गया है। वर्तमान वर्ष में शासन द्वारा पूर्व वर्ष के 15 प्रजाति के स्थान पर 22 लघु वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनांतर्गत क्रय किए जाने का लक्ष्य है। बस्तर संभाग अंतर्गत 75 करोड़ रूपए की वनोपज क्रय का लक्ष्य रखा गया है।राज्य में लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था को सुदृढ़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया नगर पंचायत टुण्ड्रा, भटगांव और बिलाईगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्षतों एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

लगभग साढ़े चार करोड़ रूपए के विकास कार्यों की घोषणा

■ पौनी-पसारी, मोर जमीन मोर मकान और मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया बलौदाबाजार जिले के विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत नगर पंचायत टुण्ड्रा, भटगांव और बिलाईगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर इन नगर पंचायतों में विकास कार्यों के लिए लगभग साढ़े चार करोड़ रूपए के विकास कार्यो की घोषणा की। इनमें नगर पंचायत टुण्ड्रा में निर्माण कार्यों के लिए 50 लाख रूपए, नगर पंचायत भटगांव में गौरवपथ के लिए एक करोड़ रूपए, विभिन्न विकास कार्यों के लिए 50 लाख रूपए, राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापना एवं तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख और आदिवासी भवन के लिए 5 लाख रूपए शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत बिलाईगढ़ में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रूपए, कृषक भवन के लिए 5 लाख रूपए, अधिवक्ता संघ के लिए दो लाख रूपए, खेल चेजिंग रूम के लिए 5 लाख रूपए के साथ ही विभिन्न स्थानों पर बोर खनन की घोषणा की गई है।

डॉ. डहरिया ने इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्षतों और पार्षदों को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे कल्याणकारी योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में सहभागी बने। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं पौनी-पसारी, मोर जमीन मोर मकान और मोर मकान मोर चिन्हारी योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों हित में प्राथमिकता से काम कर रही है। प्रदेश के गरीबों, पिछड़ों के साथ-साथ सभी वर्गों के परिवारों को सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध करा रही है।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना को क्रियान्वयन कर सहेजने का काम कर रही है। साथ ही इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष किए गए काम को प्रदेश की जनता ने सराहा है और उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश के नगरीय निकायों में लगभग 85 प्रतिशत जनता ने बहुमत दिए है। हम सबको जनादेश का सम्मान करते हुए प्रदेश और नगर पंचायत क्षेत्र का पूर्ण विकास करना है। उन्होंने इन नगर पंचायतों विकास के लिए राज्य सरकार की ओर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर बिलाईगढ़ विधायक श्री चन्द्रदेव राय, श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, श्री नेमीचन्द केशरवानी सहित जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

सूने मकान का ताला टूटा, नगदी सहित लाखों के गहने चोरी

रायपुर। रायपुर शहर के लालपुर स्थित शांति रेसीडेंसी के एक सूने पड़े फ्लेट के दरवाजे का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी 31 हजार रूपये सहित लाखों के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर ले गये। घटना की रिपोर्ट विश्वभूषण आचार्य ने न्यू राजेन्द्रनगर थाना में दर्ज कराई है। बताया गया कि प्रार्थी का 1104 नंबर का फ्लेट 03 फरवरी की रात 11 बजे से 04 फरवरी की सुबह 08 बजे तक सूना था। घर के सभी सदस्य घर पर ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। वापस आकर देखा तो उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो घर की आलमारी में रखे नगदी 31 हजार रूपये एवं सोने-चांदी के गहनें चोरी ले गये। चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 6 लाख 69 हजार रूपये बतायी जा रही है। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

अज्ञात कंटेनर की टक्कर से घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

रायपुर। शहर के नया ओवरब्रिज खमतराई के पास अज्ञात कंटेनर की टककर से घायल हुए युवक की ईलाज के दौरान आंबेडकर अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में कंटेनर के चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। खमतराई थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 4 फरवरी को तड़के लगभग 5 बजे अज्ञात कंटेनर के चालक ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटरसायकल सवार क्रमांक-सीजी04 एलआर 5020 से जाते समय उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल युवक को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात कंटेनर के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी कर रही है।

नेट बैंकिंग के जरिए मकान मालिक से 19 लाख की ठगी

रायपुर। नेट बैंकिंग के जरिए एक किरायेदार ने अपने मकान मालिक से 19 लाख रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट गंज थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डा. नीरू रामटेके सेक्टर 3 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी के मकान में आरोपी राजेश कुमार चंदा जो मुलतः गुड़गांव का रहने वाला है किराये पर रहता है। प्रार्थी द्वारा पुलिस को दी जानकारी के अनुसार आरोपी राजेश ने कहीं पर पांच लाख रूपये निवेश कराने के लिए थे। इस दौरान आरोपी ने डा. नीरू को अपने झांसे में लेकर उससे मोबाईल बैंकिंग, नेट बैंकिंग एवं क्रेडिट कार्ड की भी जानकारी ले। जिसके बाद आरोपी ने उसके खाते से 19 लाख रूपये आहरण कर लिया। इसका पता चलने पर डा. नीरू ने घटना की शिकायत थाने में की।

तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से साईकिल सवार की मौत

रायपुर। तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से साईकिल सवार युवक की मौत हो जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई ओव्हरब्रिज के पास मंगलवार को 10 से 11 बजे के मध्य साईकिल से आ रहे बीरगांव उरला निवासी नीतिन फेंडराकर 28 वर्ष पिता लक्ष्मी चंद फेंडराकर को किसी अज्ञात वाहन ठोकर मार दिया जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिये उसे 108 वाहन की मदद से मेकाहारा अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई।

जहर देकर 5 मवेशियों को मार डाला

रायपुर। जहर देकर पांच मवेशियों को मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम सोनहा की है। प्रार्थी केशव यदू निवासी गांधी ग्राम नकटा मंदिरहसौद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि कोई अज्ञात आरोपी ने 18 जनवरी 2020 की देर रात में उसकी पांव मवेशी को जहर देकर मार डाला।

दधिचि आयरन एंड स्टील प्रा.लि. के डायरेक्टर रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार

■ 400 करोड़ के जीएसटी गबन करने का आरोप

रायपुर। जीएसटी में भारी भरकम घोटाला कर जयपुर फरार होने की फिराक में एयरपोर्ट पहुंचे दधिचि आयरन एंड स्टील प्रा.लि. के डायरेक्टर प्रकाश बिहारी लाल दधिचि को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग की रिपोर्ट पर रायपुर एयरपोर्ट पर इंटेलिजेंस की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि प्रकाश बिहारी के पास से 89 लाख 50 हजार नगदी भी बरामद

किया गया है। इसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि प्रकाश बिहारी लाल दधीचि ने सात से दस अन्य फर्जी कंपनी बनाकर मार्च 2018 से अक्टूबर 2019 के बीच बोगस बिल के आधार पर 400 करोड़ रुपए के जीएसटी का गबन किया था। गौरतलब है कि 31 जनवरी को डीजीजीआई आरजेडयू के अतिरिक्त महानिदेशक अजय कुमार पांडेय के निर्देश पर संयुक्त निदेशक नेम सिंह सहित 100 से अधिक अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में दबिश दी थी। बताया गया कि जीएसटी की टीम ने मेसर्स दधिचि आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और ओडिशा की कंपनियों पर छापेमार कार्रवाई की की।

किसानों की मांगों पर सरकार करे विचार : टीएस सिंहदेव

रायपुर। राज्य के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के धान खरीदी की तारीख आगे न बढ़ाए जाने के बयान के बाद अब सत्ता के ही एक वरिष्ठ नेता ने धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग पर विचार करने का बयान दिया है।

ज्ञात हो कि धान खरीदी के मुद्दे पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने हाल ही में बयान दिया था कि धान खरीदी की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव का बयान आया है कि किसानों की मांगों पर सरकार को विचार करना चाहिए, खासकर धान खरीदी की तिथि को लेकर सरकार को विचार करना चाहिए।

एनआईटी रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी पर आयोजित वर्कशॉप के लिए 50 विद्यार्थी चयनित

रायपुर। एनआईटी रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा रोबोटिक्स विषय पर ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारम्भ हुआ जिसमें । देश के विभिन्न राज्यों से 120 से ज्यादा विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला हेतु अपनी रूचि दिखाई। जिसमे से बिहार,आंध्रप्रदेश,महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ एवं अन्य महानगरों से 50 विद्यार्थियों का चयन किया गया । कार्यशाला में अतिथि के रूप में प्रोफशुभ्रता गुप्ता, डीन आर एंड सी,शामिल हुई । कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से प्रोफएस. सान्याल,मैकेनिकल इंजिनीरिंग, डॉ. संजय कुमार, हेड,आई.टी डिपार्टमेंट और डॉ. राजेश डोरिया,असिस्टेंट प्रोफेसर, आई टी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. ए.एम. रावाणी ,डायरेक्टर, एनआईटी रायपुर और समनवयक एस. सान्याल और डॉ. राजेश डोरिया है । कार्यशाला के प्रथम दिन प्रोफ सान्याल ने 'इंट्रोडक्शन ऑफ़ रोबोटिक्स' और 'रोबोट कीनेमेटीक्स' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

रबी फसलों की आधे से ज्यादा बोनी पूर्ण

रायपुर। प्रदेश में रबी फसलों की 85 प्रतिशत बोनी हो चुकी है । कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में रबी फसलों के लिए प्रस्तावित 1850 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध अब तक 1566 हजार हेक्टेयर में बोनी पूर्ण की जा चुकी है ।

राज्य में कुल दलहनी फसलों के लिए प्रस्तावित 915 हजार हेक्टेयर में से 791 हजार हेक्टेयर रकबे में बोनी की जा चुकी है । इनमें से चना फसल के लिए प्रस्तावित क्षेत्र 430 हजार हेक्टेयर में से 413 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इसी प्रकार मटर के प्रस्तावित क्षेत्र 60 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 50.36 हजार हेक्टेयर रकबे में, मसूर के लिए 35 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 29 हजार हेक्टेयर रकबे में, मूंग के लिए 35 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 19 हजार हेक्टेयर में, उड़द के लिए प्रस्तावित 25 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 11.27 हजार हेक्टेयर रकबे में, तिवड़ा के लिए 300 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 235 हजार हेक्टेयर रकबे में, कुल्थी के प्रस्तावित क्षेत्र 30 हजार हेक्टेयर रकबे के विरूद्ध 29 हजार हेक्टेयर रकबे में तथा 5.35 हजार हेक्टेयर रकबे में अन्य दलहनी फसल बोयी गई है ।

प्रदेश में तिलहनी फसलों के प्रस्तावित 300 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध के 232 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इनमें अलसी के लिए प्रस्तावित क्षेत्र 60 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध 48 हजार हेक्टेयर में बोनी हुई है। इसी प्रकार राई-सरसों एवं तोरिया के प्रस्तावित क्षेत्र 175 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध 157 हजार हेक्टेयर में, तिल के लिए 4 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध 2.43 हजार हेक्टेयर, सूरजमुखी के लिए प्रस्तावित 15 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध 2.63 हजार हेक्टेयर, कुसुम के लिए 10 हजार हेक्टेयर में से 4.29 हजार हेक्टेयर, मूंगफली के लिए 36 हजार हेक्टेयर में से 12.45 हजार हेक्टेयर में और 5.33 हजार हेक्टेयर रकबे में अन्य तिलहनी फसलों की बानी हुई है।

टीम रिकवर्स ने किया 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का आविष्कार

रायपुर। एनआईटी की टीम रिकवर्स ने किया 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का आविष्कार इस के लिए टीम रिकवरस को पुकार फेस्ट और विज्ञानं फेस्ट में प्रथम पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तीन छात्रों की टीम 'रिकवरस' ने कॉर्न स्टार्च का उपयोग करके 100प्रतिशत बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक का अविष्कार किया है। निखिल वर्मा, कृष्णेंदु और निहाल

पांडे ने मिलकर यह अविष्कार किया है। टीम ने बताया की यह अविष्कार प्रयोगशाला परीक्षणों पर प्रमाणित है। यह प्लास्टिक 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल है। और यह सामान्य प्लास्टिक से बिलकुल अलग है। ये प्लास्टिक पोलयूशन फ्री है।इसकी विशेषता यह है की सामान्य प्लास्टिक को डिकम्पोज़ होने में लगभग 100 साल का समय लग जाता है । लेकिन 100प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक साल भर के भीतर डिकम्पोज़ हो जाया जयेगा।सामान्य प्लास्टिक को हम दुबारा यूज़ नहीं कर सकते पर ये प्लास्टिक रीयूसेबल है।

छत्तीसगढ़ी फिल्म दईहान का प्रदर्शन होगा 7 को

रायपुर। आरंभ फिल्म्स के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म दईहान का प्रदर्शन राजधानी के प्रभात टाकीज सहित संपूर्ण प्रदेश में 7 फरवरी को होगा। उक्त जानकारी फिल्म के निर्देशक भूपेंद्र साहू एवं निर्माता मलयज साहू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। 14 वर्ष मध्यप्रदेश के भारत भवन एवं रंगमंडल में बिताने के उपरांत लिये अनुभव के आधार पर बनी छत्तीसगढ़ फिल्म दईहान ठेठवार समाज की विलुप्त होती परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास है।

बजट सत्र के लिए प्रश्नों का लगना शुरू

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधायकों द्वारा प्रश्न लगाना शुरू कर दिए है। अब तक 588 प्रश्न लगाए जा चुके है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम सत्र 24 फरवरी से 01 अप्रैल तक प्रस्तावित है। इस सत्र के लिए प्रश्न लगाने का सिलसिला 01 फरवरी से शुरू हो चुका है। 01 फरवरी 10 प्रश्न लगाए गए थे, जबकि 03 फरवरी को 523 प्रश्न एवं 04 फरवरी को 55 प्रश्न लगाए गए है। इस तरह अब तक कुल 588 प्रश्न सदस्यों द्वारा लगाए गए है। इनमें 313 तारांकित एवं 275 अतारांकित प्रश्न है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस

रायपुर(नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर के कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना | आशीर्वाद देने मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकगण होंगे शामिल

राजधानी में 25 फरवरी को सामूहिक विवाह आयोजन

■ पंजीयन 15 फरवरी तक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिला एंव बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 25 फरवरी को वृहद रूप से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधायक सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। सामूहिक विवाह के लिए 350 जोड़ों का

पंजीयन किया जा चुका है। विवाह हेतु पंजीयन 15 फरवरी तक जारी रहेगा। इच्छुक माता-पिता निकट के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर अपने बेटे अथवा बेटियों की शादी के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विभाग के द्वारा प्रति जोड़ा 25 हजार रूपए तक व्यय किया जाएगा। इसमें से 20 हजार रूपए तक की सामग्री वर-वधू को प्रदान की जाएगी तथा शेष 5 हजार रूपए प्रति जोड़े वैवाहिक कार्यक्रमों के विभिन्न आयोजनों में खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी परिवार 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रथम दो कन्याओं की शादी के लिए आवेदन कर सकते हैं। उक्त विवाह में गरीबी रेखा का किसी प्रकार का बंधन नहीं है। वधु का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा वर की उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए। पंजीयन के लिए निर्धारित प्रपत्र में मुख्यमंत्री खाद्यान्न कार्ड की कॉपी तथा आयु के प्रमाणीकरण हेतु वर एवं वधु का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

जेसीआई का डाग और कैट शो 9 फरवरी को

■ 125 का हुआ पंजीयन

रायपुर। जेसीआई रायपुर यूथ केपिटल रायपुर द्वारा शहर के पशु प्रेमियों के लिए बहुचर्चित डाग एंड कैट शो का आयोजन 9 फरवरी रविवार को सुभाष स्टेडियम में दोपहर दो बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रविंद्र चौबे होंगे। जबकि कार्यक्रम का समापन महापौर एजाज ढेबर द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. संजय जैन, अमिताभ दुबे, वतन शर्मा, पलास जैन, लक्ष्य पारख एवं सागर सेठिया ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में डॉ. जैन एवं दुबे ने बताया कि उक्त डाग शो में 30 से अधिक नस्ल के डाग और कैट के आने की उम्मीद है अब तक 125 का पंजीयन हो चुका है। उक्त शो में भाग लेने के लिए पशु पालकों से एंट्री फीस 200 रुपये एवं किट सहित पांच सौ रुपये रखी गई है।

प्रतियोगिता का आकर्षण सैन्य डाग होंगे जो अपने प्रदर्शन से उपस्थितजनों को हैरतअंगेज कारनामों से चकित कर देंगे। इंसान की तरह बकायदा कैटवाक करते हुए बिल्लियां अपने मालिकों के साथ रैंपवॉक पर चलेंगी।

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालक छात्रावास
(पोटाकेबिन) उसूर

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालक छात्रावास
(पोटाकेबिन) बासागुड़ा

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालिका छात्रावास
(पोटाकेबिन) आवापल्ली

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत भोपालपट्नम
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

संपादकीय

हंगामों की भेंट न चढ़े संसद

ससंद का बजट सत्र बेहद महत्वपूर्ण होता है जिसमें बजट प्रस्ताव पर सार्थक बहस होनी चाहिए किन्तु बजट पेश होने के बाद से संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा हो रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर बदस्तूर जारी है। नए नागरिकता कानून को लेकर विपक्ष ने संसद में हंगामा मचा रखा है। कांग्रेस नेता गुलामनबी आजाद ने सरकार की नितियों के कारण देश में शाहीन बाग बनने की बात कहते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा का यही हाल रहा तो पूरा देश शाहीन बाग बन जाएगा। उन्होने यह भी आरोप लगाया है कि सरकार जम्मू कश्मीर के विकास के बारे में झूठ फैला रही है। जबकि 370 हटने के बाद वहां की पूरी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है। असदुद्दीन ओवैसी ने भी नए नागरिकता कानून की जम कर मुखालफत की है। उन्होने एनपीआर और एनआरसी को एक ही बताया है। कांग्रेस नेता शशी थरूर ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। इस बीच केन्द्रीय मंत्री अनंत कुमार हेंगड़े द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में दिए गए कथित विवादित बयान को लेकर भी लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोक हुई जिसके कारण प्रश्नकार नहीं हो पाया। लगातार ससंद में विपक्ष विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा खड़ा कर रहा है जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है। यह ठीक है कि विपक्ष को सरकार की नितियों के विरोध का अधिकार है किन्तु उसे इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि सिर्फ विरोध के नाम पर विरोध कर के वह अनावश्यक रूप से हंगामा खड़ा न करें। संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सत्तापक्ष के साथ ही विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। किन्तु पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि सदन में काम कम और हंगामा ज्यादा होता है खासतौर पर ऐसे सत्र के दौरान जब कहीं कोई चुनाव होने हो। 8 फरवरी को नई दिल्ली विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है यहीं वजह है कि ससंद को चुनावी अखाड़े के रूप में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है। यह देश के और लोकतंत्र के हित में नहीं है।

विचार

जातिवाद का खात्मा कैसे हो ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अंतरजातीय विवाहों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ढाई लाख रु. का अनुदान देती है याने यह पैसा उनको मिलता है, जो अनुसूचित जाति या वर्ग के वर या वधू से शादी करते हैं लेकिन खुद होते हैं, सामान्य वर्ग के ! सामान्य का अर्थ यहां ऊंची जाति ही है। याने ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ! इनमें तथाकथित पिछड़े भी शामिल हैं। इस अनुदान-राशि के बावजूद देश में हर साल 500 शादियां भी नहीं होतीं। सवा अरब लोगों के देश की इस हालत को ऊंट के मुंह में जीरा नहीं तो क्या कहेंगे ? इसका एक कारण सरकार ने अभी-अभी खोज निकाला है। वह यह है कि यह अनुदान राशि उन्हीं जोड़ों को मिलती है, जो अपना रजिस्ट्रेशन 'हिंदू मेरिज एक्ट' के तहत करवाते हैं। आर्यसमाज आदि में हुई शादियों को यह मान्यता नहीं है। अब उन्हें मान्य कर लिया जाएगा। यह अच्छा है, सराहनीय है लेकिन इससे भी कौनसा किला फ्तेह होनेवाला है ? क्या देश के आर्यसमाजों में हर साल हजारों-लाखों शादियां होती हैं ? देश की जातीय-व्यवस्था में परिवर्तन तभी होगा जबकि प्रति वर्ष लाखों शादियां अन्तरजातीय हों लेकिन इस मामले में हमारे नेता लोग ठन-ठन गोपाल हैं, शून्य हैं, बिल्कुल अकर्मण्य हैं। जो उन्हें करना चाहिए, वह वे बिल्कुल नहीं करते। सबसे पहले नौकरियों से जातीय आरक्षण खत्म करना चाहिए। दूसरा, जातीय आधार पर चुनावी उम्मीदवार तय नहीं करना चाहिए। तीसरा, जातीय नाम या उपनाम रखनेवाले को चुनावी टिकिट नहीं देना चाहिए। चौथा, लोगों से आग्रह करना चाहिए कि वे जातीय उपनाम रखना बंद करें। पांचवां, किसी भी सरकारी कर्मचारी द्वारा जाति या उप-जातिसूचक नाम रखने पर प्रतिबंध होना चाहिए। छठा, संगठनों, धर्मशालाओं, अस्पतालों और मोहल्लों के जातिसूचक नाम बंद होने चाहिए। सातवां, सबसे बड़ा काम यह है कि मानसिक श्रम और शारीरिक श्रम का भेद मिटना चाहिए। कुर्सीतोड़ और कमरतोड़ कामों के मुआवजे में अधिक से अधिक 1 और 10 का अनुपात होना चाहिए। सदियों से चली आ रही इस रुढ़ि ने ही देश में ऊंची और नीची जातियों का भेदभाव खड़ा किया है। क्या सिर्फ़ढाई लाख रु के लालच में ही अंतरजातीय विवाह हो जाएँगे ? हां, इनसे उनकी मदद जरुर हो जाएगी।

टेक - ज्ञान

यूजर्स की प्रिवेसी पर बड़ा खतरा

नई दिल्ली। स्मार्टफोन यूजर्स पर एक बार फिर से खतरनाक ऐप्स का खतरा मंडराने लगा है। सिक्यॉरिटी रिसर्चर्स ने ऐसे 24 ऐप्स की पहचान की है जिसके जरिए हैकर्स यूजर्स के स्मार्टफोन के कैमरे और माइक्रोफोन के अलावा दूसरे फंक्शन्स को भी ऐक्सेस करते हैं। चिंता की बात यह है कि इन ऐप्स को दुनियाभर में 38 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। साइबर सिक्यॉरिटी वेबसाइट VPNPro ने इन ऐप्स के जरिए होने वाली यूजर्स की जासूसी के बारे में चिंता जाहिर की है।

भारत-ब्राजील के कूटनीतिक संबंधों में गर्माहट

योगेश कुमार गोयल

> दुनिया के इन दोनों बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच आपसी व्यापार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं और इसे स्पष्ट करते हुए ब्राजीली राजदूत आंद्रे अरान्हा कोरया ने कहा भी है कि भारत और ब्राजील के पास एक-दूसरे से बहुत कुछ लेने और देने की संभावनाएं हैं क्योंकि दोनों ही बहुत तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाएं हैं। उनका कहना है कि दोनों के बीच फर्क सिर्फयही है कि ब्राजील के पास भारत जितने उपभोक्ता नहीं हैं लेकिन संसाधन अपार हैं और इसलिए दोनों देश ऊर्जा, कृषि तथा सामरिक क्षेत्र में एक-दूसरे को बहुत कुछ दे सकते हैं। फिलहाल दोनों देशों के रणनीतिक, सामरिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक रिश्ते काफी मजबूत हैं और अगर दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों की बात की जाए तो वर्ष 2011 के बाद द्विपक्षीय व्यापार में काफी कमी देखी गई थी। जहां भारत-ब्राजील के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2011 में 11 अरब अमेरिकी डॉलर से भी ज्यादा का था, वहीं यह 2016 तक घटते-घटते केवल 5.6 अरब डॉलर ही रह गया था लेकिन 2016 के बाद इसमें काफी बढ़ोतरी हुई है।

नई ऊंचाई की ओर भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंध

पिछले दिनों भारत की चारदिवसीय यात्रा पर दिल्ली आए ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर मेसियस बोलसोनारो का भारत दौरा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को सक्रिय करने के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। दोनों देश परस्पर निवेश बढ़ाने और अपराधिक मामलों में एक-दूसरे का सहयोग करने पर भी सहमत हुए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि बोलसोनारो की इस भारत यात्रा से भारत और ब्राजील के बीच सहयोग नई ऊंचाई पर पहुंचेगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं व्यापारिक रिश्ते बेहतर होने के साथ दोनों के बीच कूटनीतिक संबंधों में भी गर्माहट आएगी तथा दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को एक एक्शन प्लान से और मजबूत बनाएंगे। भारत और ब्राजील के कूटनीतिक संबंधों में मजबूती इसलिए भी जरूरी है क्योंकि दोनों ही देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के मजबूत दावेदार हैं और दोनों एक-दूसरे का समर्थन करते रहे हैं। वैसे संयुक्त राष्ट्र से बाहर भी भारत और ब्राजील के बीच विश्व व्यापार संगठन, जी-4, जी-20, ब्रिक्स सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय सोलर सहयोग संगठन इत्यादि कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अच्छा तालमेल देखा गया है और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दोनों एक-दूसरे के सामरिक साझेदार भी हैं। दोनों देशों ने इस मुलाकात के दौरान आर्थिक सुस्ती के मद्देनजर व्यापार वृद्धि को रफ्तार देने के लिए जिस महत्वाकांक्षी योजना का खाका तैयार किया है, उसके तहत वर्ष 2022 तक द्विपक्षीय व्यापार को 15 अरब डॉलर तक पहुंचाने और तेल, गैस तथा खनिज क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य तय किया गया है। बोलसोनारो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 71वें गणतंत्र दिवस की परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए गत वर्ष नवम्बर माह में ब्राजील के ब्रासीलिया में हुए 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान आमंत्रण दिया गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार किया था। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और बोलसोनारो के बीच दो बार मुलाकात हुई थी।

1 जनवरी 2019 को ब्राजील के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने वाले बोलसोनारो ने अक्तूबर 2018 में हुए चुनावों में 55.1 फीसदी मत हासिल किए थे और उन्हें अनेक विवादों से जुड़े रहने के साथ-साथ ब्राजील में सैन्य सुधारों के कई फैसले लेने के लिए भी जाना जाता है। विरोधी उन्हें 'ब्राजील का हिटलर' जबकि बहुत सारे अन्य लोग 'ब्राजील का ट्रंप' (ट्रंप ऑफ ट्रॉपिक्स) भी कहते हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति बनने के बाद बोलसोनारो का यह पहला राजकीय भारत दौरा था और उनके साथ उनकी कैबिनेट के आठ मंत्री तथा एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद उनकी यह पहली अधिकारिक विदेश यात्रा थी। उनसे पहले वर्ष 1996 तथा 2004 में गणतंत्र दिवस परेड में भी ब्राजील के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि रह चुके हैं। 1996 में फर्नांडो हेनरिक कारडोसो तथा 2004 में लुइस इनासियो लुला दा सिल्वा भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। अक्तूबर 2016 में ब्राजील के तत्कालीन राष्ट्रपति मिशेल टेमर भी गोवा में आठवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत आए थे और उनके उस भारत दौरे के तीन वर्ष से भी अधिक समय बाद ब्राजील का कोई राष्ट्रपति भारत का मेहमान बनकर यहां पहुंचा।

ब्राजील लैटिन अमेरिका का सबसे बड़ा देश और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत और ब्राजील एक घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध साझा करते हैं और हमारे द्विपक्षीय संबंध दोनों देशों के सामान्य वैश्विक दृष्टिकोण, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। हालांकि भारत और ब्राजील के बीच रिश्तों की शुरूआत 16वीं शताब्दी की शुरूआत में हुई मानी जाती है लेकिन दोनों के बीच कूटनीतिक संबंधों की बात की जाए तो ये संबंध 1948 में उस समय स्थापित हुए, जब भारत ने ब्राजील की राजधानी रियो द जेनेरियो में अपना दूतावास खोला था। भारतीय दूतावास को अगस्त 1971 में ब्रासीलिया में स्थानांतरित कर दिया गया था। कुछ वर्षों पहले तक भारत और ब्राजील के संबंध ठीक नहीं थे। दरअसल वर्ष 1961 में गोवा के पुर्तगाल से मुक्त होने पर जब ब्राजील द्वारा भारत के 'ऑपरेशन विजय' का विरोध किया गया था तो दोनों के आपसी संबंधों में बर्फजम गई थी। दरअसल पुर्तगाल से अपने ऐतिहासिक रिश्तों के कारण ब्राजील गोवा में पुर्तगाल की मौजूदगी को सही ठहराता था। इसीलिए उसका तर्क था कि भारत ने वहां सैन्य कार्रवाई करके अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। दोनों के रिश्तों पर जमी यह बर्फउस दौरान पिघलनी शुरू हुई, जब पहली बार 1996 में ब्राजील के तत्कालीन राष्ट्रपति फर्नांडो हेनरिक कारडोसो भारत के विशेष मेहमान बनकर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह वर्ष 2006 में चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील गए थे और उस समय कोई भारतीय प्रधानमंत्री पूरे 38 वर्षों के बेहद लंबे अंतराल के बाद ब्राजील गया था। सही मायनों में उसके बाद ही भारत-ब्राजील संबंधों में घनिष्ठता के दौर की शुरूआत हुई थी और दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई थी। हालांकि दोनों के संबंध एक बार फिर वर्ष 2009 में उस समय खराब हुए, जब ब्राजील ने पाकिस्तान को लड़ाकू विमानों की मौजूदगी का पता लगाकर उन पर तुरंत हमला करने में सक्षम सौ 'एमएआर-1' एंटी रेडिएशन मिसाइलें बेचने का 85 मिलियन यूरो का सौदा किया था और भारत ने यह कहते हुए ब्राजील के उस कदम का विरोध किया था कि पाकिस्तान एक आतंकी देश है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग देकर दूसरी जगहों पर हमला करने के लिए भेजा जाता है, इसलिए उसे ऐसी मिसाइलें बेचा जाना उचित नहीं है लेकिन ब्राजील ने भारत की आपत्तियों को खारिज कर दिया था।

बहरहाल, भारत और ब्राजील के संबंध पहले से बेहतर हुए हैं और ब्राजीली राजदूत आंद्रे अरान्हा कोरया डो लागो का कहना है कि दोनों देश सामरिक भागीदारी को और अधिक गतिशील बनाना चाहते हैं। बीते वर्षों में भारत आ चुके ब्राजील के राष्ट्रपतियों फर्नांडो हेनरिक कारडोसो,लुइस इनासियो लुला दा सिल्वा तथा मिशेल टेमर के विपरीत अपनी कट्टर विचारधारा के लिए विश्वविख्यात 64 वर्षीय बोलसोनारो की चारदिवसीय भारत यात्रा महत्वपूर्ण इसलिए मानी गई है क्योंकि इसके बाद दोनों देशों के बीच सामरिक भागीदारी के लिए एक नई कार्ययोजना की शुरूआत होगी। गणतंत्र दिवस से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजीली राष्ट्रपति बोलसोनारो के बीच हुई मुलाकात के दौरान 'मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग' (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, जिसके तहत दोनों देशों के बीच कुल 15 महत्वपूर्ण समझौते हुए. जिनमें स्वास्थ्य, जैव ऊर्जा सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भू-गर्भ, तेल और गैस, खनन व साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने सहित दूसरे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी शामिल हैं। इन समझौतों के बाद राष्ट्रपति बोलसोनारो का कहना था कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों पर काम करते हुए भारत-ब्राजील संबंधों को और मजबूत किया है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि भारत के आर्थिक विकास में ब्राजील एक मूल्यवान सहयोगी है और भौगोलिक दूरी के बावजूद दोनों देश विश्व के अनंक मंचों पर साथ हैं तथा विकास में एक-दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं।

हिन्दू राष्ट्र की ओर बढ़ रहे हैं मोदी सरकार के कदम

एल एस हरदेनिया

> सबसे पहले गोलवलकर संविधान की प्रासंगिकता पर ही प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। आरएसएस भारत के संघीय ढांचे के विरूद्ध क्यों है इसका अंदाज गोलवलकर की इसी पुस्तक के एक अध्याय जिसका शीर्षक ''एकात्मक शासन की अनिवार्यता'' है, को पढ़ने से लग जाएगा। इस अध्याय में एकात्मक शासन तुरंत लागू करने के उपाय सुझाते हुए गोलवलकर लिखते हैं- ''इस लक्ष्य की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम यह होगा कि हम अपने देश के विधान से संघीय ढांचे की संपूर्ण चर्चा को सदैव के लिए समाप्त कर दें।

जब से भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र में बहुमत हासिल किया है तब से अत्यधिक धीमी गति से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडे पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। वैसे तो संघ का सर्वाधिक महत्वपूर्ण एजेंडा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। परंतु यह काम एक झटके में नहीं किया जा सकता। अतः उसे अत्यधिक चतुराई से किया जा रहा है। सन् 2014 के आमचुनाव में भी भाजपा ने लोकसभा में बहुमत हासिल किया था परंतु 2014 से 2019 तक भाजपा ने ऐसा कुछ भी नहीं किया जिससे ऐसा लगा हो कि उसके कदम हिन्दू राष्ट्र की तरफबढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह था कि भाजपा नहीं चाहती थी वह कोई ऐसा काम करे जिससे उसे 2019 में बहुमत से हाथ धोना पड़े। जब भाजपा का नेतृत्व लालकृष्ण आडवाणी के हाथ में था तब वे कहा करते थे कि इस समय हमारे तीन प्रमुख लक्ष्य हैं: 1. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण; 2. समान नागरिक संहिता बनाना और 3. जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना।

दूसरा टर्म प्रारंभ होते ही भाजपा ने इन तीनों लक्ष्यों पर काम प्रारंभ कर दिया। आडवाणी कहा करते थे जिस दिन हम 370 हटाएंगे उस दिन हम लोकसभा में 370 सीटों पर कब्जा कर लेंगे। किसी ने यह नहीं सोचा था कि न्यायपालिका के सहयोग से राम मंदिर निर्माण का रास्ता खुल जाएगा। एक समय था जब विश्व हिन्दू परिषद के सर्वमान्य नेता अशोक सिंघल कहते थे कि न्यायालय का निर्णय कुछ भी हो हम मंदिर वहीं बनाएंगे। परंतु परिस्थितियों में ऐसा परिवर्तन हुआ कि सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसा निर्णय दिया जिसे मंदिर समर्थकों ने सहर्ष स्वीकार किया। अब सिर्फ

समान नागरिक संहिता लागू करना शेष है। परंतु उसके पूर्व ही कुछ ऐसे निर्णय लिए गए हैं जिनसे हिन्दू राष्ट्र की मंजिल और नजदीक आ गई है।

हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना को संघ के द्वितीय सर संघ चालक गुरू एम. एस. गोलवलकर ने स्पष्ट किया है। उन्होंने साफ कहा था कि हिन्दू राष्ट्र में सिर्फ हिन्दू ही रह सकते हैं। गैर-हिन्दू भी रह तो सकते हैं परंतु उन्हें दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में रहना होगा। जिसका अर्थ है कि हिन्दू राष्ट्र में रहते हुए उन्हें कोई अधिकार नहीं होंगे। संघ को प्रारंभ से ही बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक के रूप में विभाजन स्वीकार नहीं था। अतः हिन्दू राष्ट्र में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं रहेगी। कौन बहुसंख्यक और कौन अल्पसंख्यक है इसका फैसला एनआरसी करेगा। एनआरसी के माध्यम से तैयार की जाने वाली सूची में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक का विभाजन रहेगा। स्पष्ट है कि अल्पसंख्यकों को भारत में रहने का अधिकार नहीं रहेगा। एक बार यह तय होने पर कि कोई व्यक्ति अल्पसंख्यक है उसे या तो भारत छोड़कर जाना पड़ेगा या विशेष रूप से निर्मित शिविरों में रहना पड़ेगा।

यह विभाजन लगभग वैसा ही होगा जैसा जर्मनी में हिटलर ने किया था। हिटलर ने पहचान-पहचानकर यहूदियों को या तो देश से बाहर जाने के लिए मजबूर किया या उन्हें देश के भीतर उन्हीं से अपनी कब्रें बनवाकर मार डाला था। जिन यहूदियों को जर्मनी छोड़ना पड़ा था उनमें महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आईंस्टाइन भी शामिल थे। संघ के दूसरे सरसंघ चालक माधव सदाषिव गोलवलकर के विचारों का संकलन 'बंच ऑफथाट्स' के नाम से प्रकाशित है। इस ग्रंथ में गुरूजी ने एकात्मक राष्ट्र की जोरदार वकालत की है। वे देश के संघात्मक ढ़ांचे के विरोधी हैं। उनका कहना है कि ''संघीय ढांचे के कारण देश में पृथकता की भावना पैदा होती है। संघीय ढांचे के कारण 'देश एक है' की भावना कमजोर होती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बेबाक हूँ लेकिन

बेबाक हूँ लेकिन, मर्यादित बेबाकी करती हूँ ... कभी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं करती ... किसी जाति/धर्म की बातें बुरी लगती है तो विरोध करती हूँ... लेकिन, किसी को अपमानित नहीं करती और आपके कमेंट से भी यही आशा रखती हूँ?? बात बुरी नहीं होती शब्द बुर होते हैं। **- तनु युग भरद्वाज**

बजी तेरी यादों की

बजी जो तेरी यादों की शहनाई , देखो, देखो ! फिर वही बासन्ती रुत छायी, धरती नाची, अम्बर झूमा, पुरवा डोली, कोयल गीत, सुमंगल गायी। आजा साजन, बरसे ये मन, धड़कन शोर मचायी तेरे मेरे, मधुर मिलन की लो फिर वो हर्षित वेला आयी। **- किरण मिश्रा**

खास पाती | जिंदगी के हर उतार चढ़ाव

मेरी जिंदगी के हर उतार चढ़ाव में सामंजस्य बनाकर चलना सिखाया, इस सफर के हर राह पर हर मोड़ पर सही गलत को समझना सिखाया , दूसरों के दुख में आंसू बहाना और खुशियों में मुस्कुराना सिखाया धर्म कर्म और पर पीड़ा को अपने हृदय लगाना सिखाया सअतिथिद्धदेवौद्धभवः की भावना हमारे अंतर्मन में जगाया जिंदगी में बाधाएं आये चाहे हजारों अपने पथ पर चलते रहना सिखाया हे मातृ रुपी हे पितृ रूपी मेरे गुरूवर है तुम्हें नमन है तुम्हें नमन ????- **दीपमाला पाण्डेय**

सबको है मालूम ये,जल जीवन

सबको है मालूम ये,जल जीवन आधार लोग न जाने क्यूं भला,करते हैं बेकार चिन्ता जल की ना हमें,बैठे आँखे मूंद होने वाली है खत्म,पीने वाली बूंद जल संकट सिर पे खड़ा,खत्म धरा पे नीर पीने को पानी नही,है संकट गम्भीर जल संकट को देखकर,जारी है ऐलान जल संचय कर दो शुरू,अगर बचानी जान ऐसा समय भी आयेगा,समय नही वो दूर आईड़ी देकर तुम्हे,कुछ जल मिले जुरूर लाकर में जल बन्द था,देख तुम्हारी पीर जब देखा आधार तब,दिया बूंद भर नीर। **- शालिनी शर्मा**

ऐसा कैसे हो सकता है ?? हर वक्त

..ऐसा कैसे हो सकता है ?? हर वक्त एक चेहरे को दिमाग के अंदर संजोए घूमते रहना यह प्यार है या रोग ?? एक रोग, जिसे अब तक पहचाना नहीं गया शायद, जिस पर अब तक डॉक्टरी सलाह नहीं ली गई होगी.. जब कोई किसी को इस कदर प्यार करे तो एक बार उसे जरूर मनोवैज्ञानिक के पास ले जाना चाहिए। **- मिनाक्षी सिंह भरद्वाज**

छल कपाट अज्ञान अंतर से दूर

छल कपाट अज्ञान अंतर से दूर कर फिर मन मन्दिर में ईश्वर आ जायेगा परहित में तन मन धन तेरा लगा ले फिर दुआ का खजाना मिल जाएगा साथ लेकर क्या आये थे तुम साथ फिर क्या क्या साथ तू ले जाएगा मन के कपाट खोल देख ले आईना तेरे मन का ये अंधकार मिट जाएगा निर्मल मन में श्री हरि का वास होता फिर समृद्धि का दीप जल जाएगा। **- राजेश शर्मा पुरोहित**

कई वायरस आये लाखो जिंदगियों को

कई वायरस आये जो लाखो जिंदगियों को खत्म कर गए, लेकिन एक सबसे खतरनाक वायरस हिंदुस्तान में परमानेंट है.. कोरोना वायरस से लोग बहुत भयभीत हैं, लेकिन इससे भी खतरनाक वायरस है सेक्युलरिजम का वायरस और वायरस मात्र भारत में ही पाया जाता है.. इस वायरस ने भी करोड़ो जिंदगियां बर्बाद कर दी है।

- विजय पाण्डेय

मन वैरागी तन अनुरागी, कदम कदम

मन वैरागी तन अनुरागी, कदम कदम दुशवारी हैं जीवन जीना सहज न जानो, बहुत बडी फनकारी है औरों जैसे होकर भी हम, बाइज्जत हैं बस्ती में । कुछ लोगो का सीधापन है, कुछ अपनी अय्यारी हैं ।- **अनुराग पाठक**

राजनीतिक लहर है ज्यादा कभी कम

राजनीतिक लहर है ज्यादा कभी कम आयेगी। सच की बूंदें पड़ें धूल झूँठ की दब जायेगी।। मित्रो जो हमारे और तुम्हारे लिये है ही नहीं। उसपर चर्चा चार दिन चलेगी फिर थम जायेगी।। **- राजकुमार शर्मा**

लघु कथा- परिवार

एक गांव में सोनुराम नाम का वृद्ध रहता था।उसके नौ बेटी और चार बेटा रहता है ।परिवार बहुत बड़ा था। परिवार का लालन पालन खेती मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। सोनू राम की पत्नी बहुत परेशान रहती थी । परिवार बड़ा होने के कारण दिनोंदिन उनके बाल बच्चे झगड़ते रहते थे।सुबह होता कि चाय रोटी के लिए झगड़ते स्कूल जाने समय पुस्तक कापी के लिए झगड़ते कहीं न कहीं बच्चे के लिए कई बहाना मिल जाते और एक दूसरे झगड़ते रहते । मां काफी परेशान रहती थी फिर भी मां की ममता सभी बच्चों को लाड प्यार देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती ।एक दिन सोनू का बेटा रंगा और बिल्ला कपड़ा के लिए दो-दो हाथ हाथापाई हो गए।रंगा का शर्ट बिल्ला पहन लिया था ।बिल्ला ने उससे गुस्से में इसका शर्ट फाड़ दिया जब उसका पिताजी काम करके घर आया देखा बिल्ला को खूब डांट फटकार पड़ी और उसके लिए कपड़ा भी नहीं लिया एक-एक पैसे कमा कर इकट्ठा करता लेकिन परिवार चलाना इतना आसान नहीं था।आटे दाल भाव का मालूम सोनू राम को परिवार पालन-पोषण से ही पता चल गया ।एक दिन अचानक रंगा का बहुत तबीयत खराब हुआ उसकी मां उसकी हालत देखकर जोर जोर से रो रही थी पैसे के लिए उस घर उस घर दर-दर भटक रही थी अंत में पैसे के अभाव में उसका बेटा दम तोड़ दिया।सोनू राम भी सोचने लगा इतना ज्यादा बच्चा परिवार चलाना बहुत कठिन है मन मन खुद कर रोने लगा।बहुत पश्चाताप किया। अंत मे उसके जीवन में एक ऐसा बदलाव आया कि सोनू राम को गांव में सरपंच बनने का अवसर मिला ।तब सरपंच गांव का मुखिया होने के नाते पूरे गांव को चलाया विकास कर गांव को तरक्की की ओर ले गया। गांव में एक ऐसे बदलाव लाया की हम दो हमारे दो की योजना को पहल कर लोगो को जागरूक किया। उस पंचायत में गांव में किसी भी व्यक्ति का 2 बच्चे से अधिक बच्चा पैदा नही किया।लोगों को समझाते थे। अपनी व्यथा को लोगों सुनाते थे ।फिर उस गांव में खुशहाली आ गया लोग सोचने लगे जनसंख्या बढ़ाने से कोई लाभ नहीं है इसलिए छोटा परिवार सुखी परिवार ही सर्वोत्तम है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1715 - स्पेन और पुर्तग़ाल के बीच युद्ध समाप्त हुआ। 1716 - ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच गठबंधन का नवीनीकरण। 1778 - ब्रिटेन ने फ़्रांस के खिलाफजंग का एलान किया। 1778 - फ़्रांस ने अमेरिका को मान्यता प्रदान की। 1788 - मैसाचुसेट्स प्रांत अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना। 1819 - सर थॉमस स्टैमफ़र्ड रैफ़ल्स ने सिंगापुर की खोज की। 1833 - ओट्टो आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने। 1890 - भारत रत्न से सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान का जन्म। 1891 - उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी डच-एंटन हरमान फ़ोकर का जन्म। 1899 - स्पेन ने क्यूबा प्यूटो रिको गुआम और फिलीपींस अमरीका को सौंप दिए।

नवगठित गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का उद्घाटन 10 को सीएम बघेल करेंगे

■ **कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। नवगठित गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का उद्घाटन 10 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लेने के लिये बिलासपुर कलेक्टर डॉ. संजय अलंग और पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया। उनमें साथ नवगठित जिले की ओएसडी श्रीमती शिखा राजपूत और ओएसडी पुलिस सूरज सिंह परिहार भी थे। मुख्यमंत्री की सभा गुरुकुल विद्यालय के पीछे स्थित स्टेडियम में होगी। इस स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये ।

मुख्यमंत्री गुरुकुल स्थित छात्रावास के बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी करेंगे। कलेक्टर ने छात्रावास में निरीक्षण कर साफ-सफाई, छात्रावास के स्टोर रूम, किचन को साफ-सुथरा रखने कहा। उन्होंने प्रतिदिन के भोजन का मेनू प्रदर्शित करने तथा छात्रावास के अन्य मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दिया। गुरुकुल विद्यालय परिसर स्थित अतिरिक्त भवन में जिला कार्यालय बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने इसका भी निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने कहा। जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थापित कर लिया गया है, जिसका भी निरीक्षण अधिकारियों ने किया। निरीक्षण के दौरान पेण्ड्रारोड के एसडीएम मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त कलेक्टर पेण्ड्रारोड व्ही.सी.साहू, प्रोटोकॉल अधिकारी देवेन्द्र पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

रेलवे ठेकेदार के साथ कर्मचारी ने की मारपीट

बिलासपुर। कार्य के दौरान रेलवे ठेकेदार के साथ मारपीट के मामले में तोरवा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। दयालबंद निवासी शांतनु गुप्ता रेलवे ठेकेदार है। रेलवे डीआरएम ऑफिस के ठीक सामने मौजूद आरपीएफ बैरक में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका ठेका भी शांतनु गुप्ता के पास है। बुधवार को निर्माण कार्य के लिए रेत सीमेंट का मसाला तैयार किया गया था। तभी वहां पहुंचे रेलवे ग्रुप डी कर्मचारी गणेश्वर जोशी ने यह कहकर विवाद करना शुरू कर दिया कि मसाला गुणवत्ता हीन है। यह कहते हुए गणेश्वर ने मसाला उठाकर फेंक दिया। उसे ऐसा करने से मना करने पर वह शांतनु गुप्ता से विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर गणेश्वर जोशी ने ठेकेदार शांतनु गुप्ता को धक्का मारकर गिरा दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। इसकी शिकायत शांतनु गुप्ता ने तोरवा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

आईजी दीपांशु काबरा ने पदभार ग्रहण किया

■ **महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने पहली प्राथमिकता**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । आईपीएस और रायपुर के निवृतमान आईजी दीपांशु काबरा ने बिलासपुर आईजी का पदभार ग्रहण कर लिया है । श्री काबरा इससे पूर्व भी बिलासपुर में आईजी रह चुके है । पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट किया। पिछले बार बिलासपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण उपाय अपनाए थे, उनका मानना है कि अभी यहां संसाधनों की कमी है लेकिन मौजूदा संसाधनों के सहारे ही वे ट्रैफिक नियमों को लागू करने की दिशा में काम करेंगे । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रैफिक व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी । फिलहाल यह काम मैनुअल किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बिलासपुर की ट्रैफिक व्यवस्था पहले से बेहतर होगी, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पुलिसिंग इस तरह की होनी चाहिए कि आम लोगों को थाने आने में झिझक नहीं हो, वहीं पुलिस के अधिकारी भी इस मसले पर पूरी तरह स्पष्ट होने चाहिए कि किस मामले में उन्हें क्या एफआई आर दर्ज करना है। संभाग की जनता के साथ संपर्क के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे अपने कार्य घंटों में तो लोगों के लिए उपलब्ध है ही साथ ही डायल 112 के साथ ट्विटर और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के सहारे भी आम लोग पुलिस तक अपनी सूचनाएं, उम्मीदें और बातें पहुंचा सकते हैं। श्री काबरा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था उनकी प्राथमिकता में है उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी महिला को कोई परेशानी हो तो वे उनसे सीधे व्यक्तिगत संपर्क कर सकती है ताकि अपनी आपबीती बताने में उन्हें कोई दिक्कत ना हो। पिछले दिनों एक महिला द्वारा पुलिस पर ही भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद आरोप लगाने वाली महिला को ही जेल भेज दिया गया।

103वें दिन मछुआ युवा प्रकोष्ठ का एक जागरूक मंच धरने पर बैठे

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। अखण्ड धरना के 103वें दिन आज मछुआ युवा प्रकोष्ठ व सबक संस्था युवाओं का एक जागरूक मंच धरने पर बैठा। आज धरने पर बैठे हुये दोनो संघों से युवाओं ने एक स्वर में हुंकार भरी और कहा कि आज का युवा जागरूक है। उनके अधिकार क्या है और उन्हे कैसे हासिल करना है वे अच्छी तरह जानते है।

केन्द्र सरकार तो रोजगार की दर में प्रतिशत दर प्रतिषत गिरावट करती जा रही है, अब ऐसे में अगर कोई शिक्षित बेरोजगार स्वयं के लिए अवसर तलाशता है तो अवागमन के सुचारू साधन न होने के कारण कई बार केवल समयाभाव के कारण चूक जाता है। ऐसे में हवाई सुविधा एक बडी आशा की किरण है। जहां बिलासपुर शहर हर प्रकार के अभाव में भी अपना प्रभाव छोड रहा है वही अगर इस शहर को हवाई सुविधा जैसी मूलभूत जरूरत मिल जाती है तो वह रोजगार के साथ अन्य कई क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरायेगा।

आज की सभा को संबोधित करते हुये मछुआ युवा प्रकोष्ठ के गंगाराम निशाद ने कहा कि आज का युवा वर्ग नई तकनीकियों, नई आकांक्षाओ व नये विचारो से लैंस है, जरूरत है तो केवल इस बात की इसे अवसर दिया जाये, और वह शहर के बाहर महानगरों में जाकर भी अपने इस हुनर व काबलियत से बिलासपुर की उत्कृष्ठता से सभी को रूबरू करा सके और इन सबसे अगर कोई वंचित रखता है तो वह है केवल हवाई सुविधा। प्रकोष्ठ के ही अजीत नाविक ने कहा कि हवाई सुविधा मिलने से बिलासपुर के विकास के द्वारा खुलेगे और रोजगार, व्यवसाय एवं पर्यटन के क्षेत्रों को बढावा मिलेगा। सबक संस्था युवाओं का एक जागरूक मंच से तैय्यब हुसैन ने बडे ही सादगी भरे लब्जो में कहा इस हकीकत से गुरेज नही किया जा सकता कि बिलासपुर राजधानी से किसी भी मामले में कमतर है लेकिन सुविधा के नाम पर केवल राजधानी का नाम ही आता है और जब बिलासपुर को मात्र आधारभूत सुविधाओं से नवाजने की बात की जाती है तो केवल आश्वासन दिया जाता है। ऐसा कब तक चलता रहेगा ? इसके अतिरिक्त रामसागर निशाद, भागीरथी निशाद, रामायण कैवर्त ने भी मांग के समर्थन मे अपनी बात रखी।

आईएएस अधिकारियों की रिव्यू पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

बिलासपुर। समाज कल्याण विभाग में करोड़ो रूपये के घोटाले के मामले में आईएएस अधिकारियों द्वारा पेश रिव्यू पिटीशन पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है । समाज कल्याण विभाग में फर्जी एनजीओ बनाकर 10 हजार करोड़ का घोटाला किये जाने की शिकायत करते हुए दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सीबीआई को एक सप्ताह के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया तो कुछ आईएएस अधिकारयियो ने हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किया। दो आईएएस अफसरों के रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई आज पूरी हो गयी है। आज डबल बेंच में इस मामले में सुनवाई हुई, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट में सीबीआई के वकील ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है । कोर्ट ने ये भी कहा था कि 7 दिन के भीतर मुकदमा दर्ज किया जाये। इस निर्देश के बाद भोपाल में सीबीआई ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया।

कोरबा में तीन हजार हेक्टेयर रकबे में लगेगी मक्के की फसल

कोरबा। कलेक्टर ने आकांक्षी जिले के लिये नीति आयोग द्वारा निर्धारित कृषि एवं पषुपालन से जुड़े संकेतांकों की जिले में प्रगति की आज समीक्षा की। कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में विकासखण्डों के कृषि एवं पषुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने संकेतवार-विकासखण्डवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को लक्ष्य अनुसार काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। श्रीमती कौशल ने कामों के प्रति लापरवाही बरतने वाले मैदानी अमले को कारण-बताओ नोटिस जारी करने के निर्देष भी कृषि विभाग के उपसंचालक को दिये। बैठक में नोडल अधिकारी नंदिनी साहू, उपसंचालक कृषि एम.जी. श्यामकुंवर, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री मोहन कंवर सहित सभी जनपदों में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुये।

दुष्कर्म के बाद मासूम की हत्या, हाई कोर्ट ने सजाए मौत पुष्टि की

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा एवं जस्टिस गौतम चौरड़िया की युगल पीठ ने कि साढ़े पांच वर्ष के मासूम का बलात्कार कर उसकी हत्या करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश दुर्ग द्वारा दिये गए मृत्यु दंड की सजा की पुष्टि कर दी है ।

विशेष न्यायाधीश दुर्ग ने आरोपी को अगस्त 2018 में मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। शासन ने सजा की पुष्टि के लिये प्रकरण पेश किया था। हाईकोर्ट ने मामले को रियरेस्ट ऑफ रेयर माना है। 25 फरवरी 2015 को खुर्सीपार चंद्रमा चौक के पास रहने वाली साढ़े पांच साल की मासूम बच्ची घर के पीछे खेल रही थी। सुबह 11 बजे वह गायब हो गई। पिता व् परिवार के लोगो ने आसपास उसकी तलाश की लेकिन वह नही मिली नही। तब पिता ने रिपोर्ट लिखाई। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ363 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

पुलिस ने मोहल्ले के संदिग्ध नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि इसके बड़ा भाई राम सोना ने लड़की की हत्या कर लाश को घर में रखा था। बाद में कुंती व् अमृत के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगाया है। इसके बाद पुलिस ने सभी को पकड़ा। इसमें दिल दहला देने वाली बात सामने आई।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने बदली जिंदगी

रायगढ़। लैलूंगा के आशीष सुदूर गांव तक शिक्षा की अलख जगाने सफर पर निकल पड़े हैं। उन्हें हौसला और ताकत मिली, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से। इस योजना से प्राप्त ऋण 1 लाख 43 हजार से उन्होंने आदिवासी बहुल अंचल ग्राम कुंजारा में एकलव्य कम्प्यूटर एजुकेशन आरंभ किया। वे कहते हैं जहां चुनौतियां रही वहीं मैने रास्ते बनाये हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से उन्हें संबल मिला और उन्होंने पथरीली राहों की परवाह नहीं की। आज उनका यह संस्थान इस क्षेत्र का अग्रणी संस्थान बन गया है और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से युवा उनके संस्थान में कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा सफलता के नये कीर्तिमान रच रहे हैं।

आशीष ने बताया कि देश के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम उनके प्रेरक एवं आदर्श व्यक्तित्व हैं। उनका जीवन हमारे लिए पथप्रदर्शक एवं प्रेरणादायक है। आशीष ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया, अब जाकर उन्हें मंजिल मिली है। तमाम बाधाओं को पार कर अपनी जीवटता, मेहनत, लगन एवं उम्मीद की बदौलत यह सफलता अर्जित की है।

पैरामेडिकल स्टाफ की कमीं पूरी करने कलेक्टर दर पर ली जायेंगी सेवायें

स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के साथ प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिला अस्पताल सहित जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पैरामेडिकल स्टाफ की कमीं पूरी करने के लिये कलेक्टर दर पर प्रषिक्षित युवाओं की सेवायें ली जायेंगी। कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल की इस पहल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के लिये विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में जरूरी निर्देष दिये हैं।

श्रीमती कौषल ने बताया कि जिले में नर्सिंग कॉलेजों और अन्य शासकीय पैरामेडिकल प्रषिक्षण संस्थानों से बड़ी संख्या में नर्सिंग और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की पढ़ाई करने वाले युवा बेरोजगार बैठे हैं। निजी क्षेत्र के अस्पतालों में भी उन्हें सात से आठ हजार रूपये की मासिक वेतन पर काम करना पड़ता है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने के लिये प्रषिक्षित लेकिन बेरोजगार ऐसे सभी युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिये जिला प्रषासन द्वारा उनकी सेवायें कलेक्टर दर पर लेने की योजना पर काम किया जा रहा है। कलेक्टर दर पर नर्सों, पुरूष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, एएनएम आदि को प्लेसमेंट कैम्प कर चयनित किया जायेगा और उन्हें जिला अस्पताल सहित ग्रामीण क्षेत्रों की प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ किया जायेगा। श्रीमती कौषल ने बताया कि जिला प्रषासन की इस पहल से एक ओर जहॉ जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी होगी वहीं दूसरी ओर इन बेरोजगार युवक-युवतियों को कुषल श्रमिकों की दर पर प्रतिमाह लगभग दस से ग्यारह हजार रूपये तक वेतन मिल सकेगा।

प्रदूषण से बचाव और स्वस्थ शरीर के लिए walkathon का आयोजन

कोरबा। प्रदूषण से बचाव और सेहतमंद व तन्दरूस्त शरीर के लिये जागरूकता अभियान की शुरुआत की ज रही है।न्यू कोरबा हॉस्पिटल के तत्वाधान में 9फरवरी को walkathon का आयोजन किया जा रहा है ।इस आयोजन में शहर के समाज सेवी संस्था, स्कूली बच्चे, आम नागरिक बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। उर्जाधानी कोरबा जो प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल है और यहां के निवासियों का स्वास्थ्य भी लगातार खराब होता जा रहा हैं।इस बात को लेकर न्यू कोरबा हॉस्पिटल ग्रूप प्रबंधन काफी चिंतित है।इस ग्रूप के द्वारा पैदल चलो स्वस्थ रहो का अभियान अपने स्वयं के खर्च पर इसलिए किया जा रहा हैं ताकि लोगो मे जागरूकता आये।शहर में पहली बार न्यू कोरबा हॉस्पिटल ग्रूप ने 9 फरवरी 2020 को walkathon का वृहद आयोजन का बीड़ा अपने कंधों पर उठाया हैं।शहर के तमाम सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग्स लगाये गए है इसके साथ ही walkathon का प्रचार प्रसार अन्य माध्यमों के जरिये भी किया जा रहा हैं,ताकि इस आयोजन में अधिकाधिक संख्या में स्त्री,पुरूष व युवा शामिल हों सके।इस आयोजन को लेकर न्यू कोरबा हॉस्पिटल ग्रूप खास कर डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी की सराहना आमजनो द्वारा की जा रही हैं।

क्रिस्टल और प्राकृतिक चट्टानों ने किया रोमांचित

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोरबा यूनिट ने कंचन रॉक गार्डन, सेल्फी पॉइंट और बोड़ानाला में फैमिली पिकनिक एंड ट्रेकिंग कम ट्रेनिंग प्रोग्राम 2020 का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोरबा यूनिट के चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में 2 फरवरी 2020 को, कोरबा यूनिट ने एक दिन का पारिवारिक पिकनिक और ट्रेकिंग सह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया। ओपन थिएटर के पास इकठ्ठा हुए प्रतिभागी कंचन रॉक गार्डन द्वारा दिया गया नाम तक पहुंच गए। सभी इस जगह पर प्राकृतिक चट्टानों और क्रिस्टल के साफ पानी को देखकर बहुत खुश हुए। टीम फिर सतरेंगा के पास डबल स्टोरी कॉटेज के लिए रवाना हुई। प्रतिभागियों ने बताया कि हमने कभी भी इन स्थानों का दौरा नहीं किया, हम जबकि कोरबा से हैं।

जनशिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें -आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। राहुल देव ने निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए आज कहा है कि आमजनता से समय-समय पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दें तथा शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो में जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस करें तथा प्रगतिरत कार्यो की कार्यप्रगति में अपेक्षित गति लाकर समयसीमा में कार्यो को पूरा करें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री देव ने आज निगम अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज समयीमा की बैठक आयोजित की गई। आयुक्त श्री राहुल देव ने बैठक के दौरान निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति सहित निगम के विविध कार्यो, गतिविधियों आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधोसंरचना मद, डी.एम.एफ, प्रभारी मंत्री मद, सांसद मद, विधायक मद, महापौरनिधि, पार्षद मद, सरगुजा उत्तर क्षेत्र प्राधिकरण, मरम्मत एवं संधारण, वित्त आयोग मद, निगम मद सहित अन्य विविध मदों के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की जोनवार, वार्डवार व कार्यवार विस्तार से समीक्षा की एवं कार्यो में तेजी लाने, गुणवत्ता के साथ कार्यो को संपादित करने तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा किए जाने के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो पर फोकस करें-

बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों से कहा कि सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ प्रस्तावित कराए ताकि आमजन की छोटी-छोटी समस्याएं त्वरित रूप से दूर की जा सके। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य पूर्ण हो जाने पर नियमानुसार संबंधित निर्माण एंजेसी के बिलों का भुगतान कराते रहे, ताकि निर्माण एजेंसियों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उत्कर्ष योजना के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा 7 मार्च को

रायगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2020-21 हेतु कक्षा 6 वीं के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा जिला स्तर पर 7 मार्च 2020 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र 20 फरवरी तक संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी को छ.ग.का मूल निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र धारक हो, छ.ग.में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में से कक्षा 5 वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2019-20
ग्राम सूरडोंगर प.ह.नं. 13 तहसील केशकाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तेजेश्वरी यादव पति श्री हेमंत यादव जाति राउत निवासी सूरडोंगर केशकाल तहसील केशकाल जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम सूरडोंगर प.ह.नं. 13 तहसील केशकाल में अपने स्वामित्व में दर्ज भूमि खसरा नं. 31/64/घ रकबा 0.0080 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 20/02/2020 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 5/2/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NISHITA AGARWAL D/O SANJAY AGARWAL निवासी H.NO.-P-34/B, JAIN MANDIR ROAD, KRANTI NAGAR BILASPUR C.G 495001. यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को विवाह पश्चात त्याग कर नया नाम NISHITA AGRAWAL W/O AMAN AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम NISHITA AGRAWAL W/O AMAN AGRAWAL से ही जाना पहचाना जावे।

NISHITA AGRAWAL
H.NO.-P-34/B, JAIN MANDIR ROAD, KRANTI NAGAR BILASPUR CG.495001.

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MANOJ AGRAWAL S/O RAJKUMAR AGRAWAL निवासी H.NO- 49, WARD NO-03, TATKELA, KASHLA, RAIGARH (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MANOJ KUMAR AGRAWAL S/O RAJKUMAR AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MANOJ KUMAR AGRAWAL S/O RAJKUMAR AGRAWAL से ही जाना पहचाना जावे।

MANOJ KUMAR AGRAWAL
H.NO- 49, WARD NO-03, TATKELA, KASHLA, RAIGARH (C.G.)

जीत बरकरार, फत्ते वर्मा बने लगातार दूसरी बार खोपली के सरपंच

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। फत्ते वर्मा ने सरपंच बन मिथ्या तोड़ा, की खोपली में दुबारा कोई नही जीतता। दुर्ग ब्लाक में सबसे बड़ी अंतर से जीत खोपली सरपंच की रही जिसने 509 वोट से जीत दर्ज कर अपने खोपली के इतिहास में पहली बार एक सरपंच दो बार जीता है ,इससे पहले कोई प्रत्याशी दो बार लगातार सरपंच नही बना है । लेकिन फत्ते वर्मा के लगातार विकास कार्य करवाते रहे इसलिए उनके उपलब्धि के कारण और मृदु व्यवहार के कारण लोगो के मन मे फिर से फत्ते वर्मा को जीत का सेहरा बाँधा गया।

उच्च शिक्षित, व मृदु भाषी का फायदा

युवा सरपंच फत्ते लाल वर्मा उच्च शिक्षित होने के साथ व्यवहार में मिलन सार है इसलिए उनका फायदा चुनाव में स्पष्ट रूप से मिल पाया, और लागातर दूसरी बार सरपंच बने। पिछले कार्यकाल में 2 करोड़ से अधिक का विकास कार्य सरपंच फत्तेवर्मा का कहना है कि पिछले कार्यकाल में लगभग 2 करोड़ से अधिक की राशि से गाँव का विकास किया गया है जिससे लोगो के मन

मे विश्वास जग गया था। सर्वाधिक मतों से जीते, दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के सरपंचों में सबसे ज्यादा वोट से जीत दर्ज किया है ।509 वोट से जीत कर करीबी रहे खोरबाहरा साहू को हराया। भाजपा ने दिया है मंडल अध्यक्ष व जिला मन्त्री का पद फत्तेलाल वर्मा को लगातार सक्रिय रहने के कारण ,व पार्टी के प्रति निष्ठा के वजह से भाजपा ने जिले में मंत्री का पद और उतई मंडल के अध्यक्ष पद से सुशोभित किया है जारी रहेगा ,विकास कार्य,- फत्ते वर्मा लगातार क्षेत्र में ,सक्रिय रहने के कारण ,सरपंच बने ,फत्ते लाल वर्मा का स्पष्ट कहना है कि गांव के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नही होगी।

इन पंचों ने जीता पंच पद

खोपली में वार्ड 1 से वार्ड 20 तक निम्न पंच जीत कर आये है जिसमे - संदीप साहू,पुष्पा साहू,राजूलाल,परमिला साहू,रेखा यादव,बिंदा राम सपहा, तालसिंह साहू,गजेंद्र कंकड़े, विना मार्कण्डेय,संतराम साहू,सुमन लाल साहू,घुराउ राम चन्द्राकर,रेवती बाई,टिकेश्वरी साहू,इंद बाई सोनवानी, लक्ष्मी बंजारे, डोमन चतुर्वेदी, लता बंजारे, मंशाराम ,देवेन्द्र भारती अपने अपने वार्ड से पंच निर्वाचित हुए।

न्यूज गैलरी

मचेवा में मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम मचेवा में मारपीट का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मचेवा निवासी योगेश देवांगन पिता किशनलाल देवांगन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में ऑफिसर के पद पर पदस्थ है। वह पंचायत चुनाव में वोट देने अपने गांव मचेवा आया था। सोमवार को अपनी पत्नी वैजंती, भाई बहू होत्रेश्वरी, बहन भारती व उर्मिला एवं माता-पिता के साथ मतदान करने के लिए केंद्र जा रहे थे, तभी प्राथमिक शाला मचेवा के बाहर गांव के गौकरण साहू, आंनद साहू, ज्ञानेश साहू व ललित साहू ने उसकी बहन भारती व उर्मिला को 'तुम लोग यहां के नहीं हो यहां क्यों आए हो, यहां से जाओ' कहने लगा। जब प्रार्थी ने पूछा कि क्यों जाने के लिए बोल रहे हो तो, वह आक्रोशित हो गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

वोट नहीं दिए कहकर पीटा

महासमुंद। चुनाव का हाल चाल पूछने पर दो युवकों ने ग्रामीण की पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों ही आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बम्हनी निवासी अमीर ढीढी पिता शत्रुघन ढीढी (22) 3 फरवरी को मतदान करने के बाद शाम 5 बजे अपने घर जा रहा था। तभी सामने से आ रहे राजू सोनवानी व रतन दास पुरैना को रोककर उसने चुनाव का हाल चाल पूछा। इसी बात को लेकर दोनों बिफर गए और कहा तुम तो मेरे पिताजी को वोट नहीं दिए हो और हाल चाल पूछते हो कहते हुए दोनों ने हाथ मुक्का से पिटाई कर दी।

जुआ खेलते 7 पकड़ाए

महासमुंद। बसना पुलिस ने जगदीशपुर रोड मंगल भवन पुष्पवाटिका के किनारे जुआ खेल रहे 7 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर ढाई बजे गश्त के दौरान जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 16120 रुपए व ताशपत्ती बरामद की गई। जुआरियो में बसना के ही नरेश कुमार अग्रवाल (55), पार्थो डे (32), हबीब खान (36), रामनाथ बंजारा (45), महेश बंजारा (41), ज्ञानसिंह (55), सुभाष गुप्ता (42) साल के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

ढाबे में घुसी ट्रक, कर्मी घायल

महासमुंद। बरबसपुर स्थित महाराज ढाबा के भीतर ट्रक चालक ने वाहन घुसा दिया। छज्जा गिरने से ढाबा के कर्मचारी के सिर में चोट आई है। सुभाष दास ने बसना थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार को ट्रक क्रमांक एमएच 40 वाय 7620 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर ढाबा में घुसा दिया। जिससे दीवार, छज्जा और कई सामान टूट गए। एक कर्मचारी घायल भी हो गया। इस घटना से उन्हे 10-12 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। बसना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 427 के तहत अपराध दर्ज किया है।

344 हितग्राहियों को मिलेगी लंबित पेंशन

महासमुंद। मुख्यमंत्री पेंशन योजनांतर्गत जल्द ही 344 हितग्राहियों को पेंशन मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की मांग पर मुख्यमंत्री पेंशन योजनांतर्गत चार लाख 97 हजार रुपये समाज कल्याण विभाग से आवंटन दिया गया है। आवंटन के लिए पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में संचालित मुख्यमंत्री पेंशन योजना 2018 के हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिलने की शिकायत नपाध्यक्ष चंद्राकर से की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पेंशन प्रभारी को तलब किया गया था। प्रभारी ने अक्टूबर 2019 से जनवरी 2020 तक का आवंटन नहीं मिलने की जानकारी दी गई। इस पर नपाध्यक्ष चंद्राकर ने तत्काल कलेक्टर को एक पत्र जारी कर पेंशन हितग्राहियों के लिए आवंटन की मांग की। कलेक्टर के आदेश पर समाज कल्याण विभाग से अक्टूबर 2019 से फरवरी तक का आवंटन दिया गया।

कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल मिला मुख्यमंत्री से

राजनांदगांव। स्थानीय शासकीय प्रेस के कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट किया, तथा राजनांदगांव में स्थापित शासकीय प्रेस को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किए जाने बाबत अनुरोध किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष आनंद कुमरा श्रीवास्तव ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रेस के स्वामित्व की ही पर्याप्त उपलब्ध रिक्त करीब 10 एकड़ भूमि पर ही नवीन भवन का निर्माण कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सकारात्मक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया है।

विकासखंड स्तरीय मैराथन 8 को

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है। राजनांदगांव विकासखंड में यह दौड़ 8 फरवरी को होगी। दौड़ सुबह 7 बजे से नया ढाबा धरमापुर स्वागत द्वार से प्रारंभ होगी।

अस्थाई व्यवसायियों के व्यवस्थापन की रूपरेखा तैयार

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग 353 के चौड़ीकरण से प्रभावित सड़क किनारे स्थाई रूप से व्यवसायियों को व्यवस्थापन देने की रूप रेखा तैयार किया गया है। इसके लिए मंगलवार को नगर पालिका के सभा कक्ष में अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की अध्यक्षता में पार्षद और व्यवसायियों के बीच बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पालिका अध्यक्ष ने कहा महासमुंद के इतिहास में इतनी बड़ी तादात में व्यवस्थापन कभी नहीं हुआ। शहर के व्यवसायी प्रभावित न हो इस लिए पीआईसी की पहली बैठक में ही निर्णय लिया गया था कि व्यवस्थापन किस जमीन पर किया जाए। चंद्राकर ने कहा कि अस्थाई दुकानदारों के लिए टॉउन हॉल के सामने 186 दुकान का निर्माण किया जाना है। लेकिन निर्माण कार्य में व्यवसायी को अपना पैसा खर्च करना होगा। स्व रोजगार योजना के तहत समस्त फुटपाथ व्यवसायियों को 10 हजार रुपये अमानत राशि के रूप में नगर पालिका में जमा कराना होगा। नपाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि प्रत्येक व्यवसायी को किराये के रूप में 300 प्रति माह देना होगा। उन्होंने बताया कि पालिका की जमीन लीज पर दिया जा रहा है। जिसका अनुबंध 11 माह के लिए होगा। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्थापन में फुटपाथ व्यवसायी ही पात्र होंगे, जिनका नाम सर्वे सूची में अंकित होंगे। अन्यथा अन्य कोई भी व्यवस्थापन के हकदार नहीं होगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि एक माह में अमानत राशि जमा नहीं किया जाता है तो मान लिया जाएगा कि वह व्यवस्थापन स्थल पर व्यवसाय करने के लिए इच्छुक नहीं है। ऐसे में व्यवस्थापन की पात्रता समाप्त मानी जाएगी। चंद्राकर ने कहा कि दुकानें आठ फीट लंबा, आठ फीट चौड़ा, ऊंचाई 10 फीट की होगी। नपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि व्यवसायियों के लिए नाली, सड़क, पानी, बिजली और शौचालय का निर्माण नगर पालिका से बनाया जाएगा। लेकिन दुकानदार को स्वयं को मीटर लगाना होगा। नपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा 30 दुकानदारों का ग्रुप बनाया जाएगा। कपड़ा व्यवसायी को क्रमशः एक साथ और जूता चप्पल, चाट गुपचुप अन्य खाद्य पदार्थ की दुकानें एक साथ रखा जाएगा। इस पर समस्त व्यवसायियों ने व्यवस्थापन के लिए अपनी सहमति जताई है। इस अवसर पर सभापति संदीप घोष, मनीष शर्मा, बबलू हरपाल, पार्षद देवीचंद राठी, राजेन्द्र चंद्राकर, जगतराम महानंद, गोलू मदनकार, महेंद्र सिक्का, रिंकू चंद्राकर नगर पालिका के मुख्य अभियंता बीआर साहू सहित सैकड़ों व्यवसायी उपस्थित थे।

जमीन विवाद पर भाई ने ले ली जान

महासमुंद। जमीन विवाद और प्रधानमंत्री आवास को लेकर चचेरे भाई ने युवक की हत्या कर दी।

सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ागढ़ में रविवार शाम मधुमंगल यादव और उग्रसेन के बीच जमकर विवाद हुआ। मारपीट में दोनों घायल हो गए थे, सोमवार को उग्रसेन पिता सुखरू राम यादव (35) की तबीयत बिगड़ते देख परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई । कोटवार ने थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस ने बताया कि मधुमंगल और उग्रसन यादव रिश्ते में भाई हैं। इनके बीच जमीन और मधुमंगल द्वारा बनाए जा रहे मकान को लेकर आए दिन विवाद होता था। रविवार अपरान्ह 4 बजे गांव के चमरू के खेत में दोनों भाईयों का फिर विवाद हुआ और खाट के टुकड़े से एक-दूसरे पर हमला किए। इससे उग्रसेन के सिर के पीछे और मधुमंगल के सिर पर भी चोटें आई। सोमवार को उग्रसेन की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने डायल 112 की मदद से उग्रेसन को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

उग्रसेन की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी मधुमंगल के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

जमीन विवाद पर मारपीट

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के बालसी में सोमवार सुबह बड़े भाई और भतीजे ने जमीन विवाद पर युवक से मारपीट की और उनकी पत्नी से अश्लील गाली गलौज की। जानकारी के अनुसार पुरत बाई रात्रे (40) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके जेठ भुनेश्वर रात्रे और भतीजा संतोष रात्रे ने जमीन और आरा मिल बंटवारा को लेकर उनके साथ गाली गलौज और पति के साथ मारपीट की।

कलेक्टर ने प्रदान किया निर्वाचन प्रमाण पत्र

राजनांदगांव। त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन के तहत जिला पंचायत चुनाव में विजयश्री हासिल करने वाले कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशीयों ने आज जिला कार्यालय पहुचकर कलेक्टर जे पी मौर्य से निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि राजनांदगांव जिला के क्षेत्र क्रमांक 13 से पुष्पा वर्मा, 15 से प्रभा साहू एवं 18 से कांति भंडारी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित होने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज भाई के साथ जिला कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जिला अध्यक्ष नवाज भाई ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के निर्वाचन से यह स्पष्ट हो गया कि जिला पंचायत में कांग्रेस बहुमत में रहेगी। छग की कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल के नेतृत्व में जनहित का कार्य कर रही है, अब हम सब का दायित्व है कि हम क्षेत्र में विकास की गंगा बहाये और जनता को छग सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ दिलाये।

मनियारी के विजयी सरपंच श्याम व पंचों का ग्रामवासियों ने किया स्वागत

बेरला/साजा। ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मनियारी में इस त्रिस्तरिय पंचायत चुनाव में जीते सभी प्रत्याशियों को ग्रामवासी ने जीत की बधाई देते हुए गुलाल एवं पुष्प माला से स्वागत किया । ग्राम पंचायत मनियारी में सरपंच पद के लिए श्याम साहू निर्वाचित हुए। वहीं पंचगणों में वार्ड - 01 से चन्द्राणी साहू, वार्ड - 02 से सुखदेव साहू, वार्ड 03 से सोहन साहू, वार्ड 04 से ओम बाई साहू ,वार्ड 05 से भूलिन बाई साहू , वार्ड - 06 से संतोष साहू, वार्ड - 07 से गौतम देवांगन, वार्ड 08 से धनन्जय वर्मा, वार्ड 09 से तीजन बाई चक्रधारी, वार्ड 10 से भुनेश्वरी महिलांगे, वार्ड - 11 से प्रहलाद ठाकुर, वार्ड - 12 से पुष्पा बाई नेताम, वार्ड- 13 से खेमीन बाई चक्रधारी जीते। यह सभी मनियारी के जीतने वाले प्रत्यासी है । ग्रामवासियो ने सभी प्रत्यासियो को बधाई देते गए तथा सभी का गुलाल लगा कर तिलक से सम्मान किया और फूलों की माला पहना कर स्वागत किया गया । सरपंच श्यामू साहू को सभी ने श्रीफल भेंट करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया । इस सम्मान देने के लिए ग्रामवासी भारी संख्याओ में आये और सरपंच और पंचगणों को सम्मान दिया गया । सरपंच श्री साहू एवं एवं पंचगपंचगणों का खास सम्मान भूपेंद्र विश्वकर्मा एवं लालन विश्वकर्मा दोनो भाईयों ने मिलकर गुलाल से तिलक लगाकर सभी का स्वागत एवं सम्मान करते हुए श्रीफल भेंट किये ।

ओम प्रकाश वर्मा जनपद सदस्य पर पुनः काबिज

साजा। जनपद पंचायत साजा के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा अपने क्षेत्र क्र. 20 से लगभग 900 मतों से जीतकर पुनः काबिज होने में सफलता प्राप्त किए। उनकी जीत के बाद से उनके सहयोगी, कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए भारी आतिशबाजी किये। साथ ही शुभचिंतकों के द्वारा उनके घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं। ज्ञात हो कि इस सीट पर विगत कई पंचवर्षीय से लगातार श्री वर्मा का कब्जा हैं। श्री वर्मा कृषि मंत्री रवींद्र चौबे के करीबियों में से एक हैं। इससे जनपद पंचायत साजा के पुनः अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदारों में से एक हैं।

निगम कर्मचारी भदौरिया व गुलाबा पन्नू को सेवानिवृत्त होने पर दी गई बिदाई

राजनांदगांव। नगर निगम के सभागृह में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राजस्व विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षक तहसीलदार भदौरिया व स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मी श्रीमती गुलाबा पन्नू को सेवानिवृत्त होने पर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त चंद्रकांत कौशिक सहित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व दीपक जोशी, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव, लेखा अधिकारी यूएस वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी भूपेश वाडेकर, राजस्व अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी, स्थापना प्रभारी आरबी तिवारी, प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी तहसीलदार भदौरिया व श्रीमती गुलाबा पन्नू को माला पहनाकर, गुलाल लगाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

बावनकेरा में उर्स की तैयारियां प्रारंभ

महासमुंद। बावनकेरा में 62 वें उर्स पाक के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है । ज्ञात हो कि हजरत जाकीर शाह कादरी रहम तुल्लाह अलैह बावनकेरा का उर्स पाक 13 एवं 14 फरवरी को आयोजित होगा। इसके लिए मेला स्थल की साफ-सफाई, मजार शरीफ में रंग रोगन, पेंटिंग, लाइटिंग इत्यादि की तैयारी की जा रही है ।

उर्स कमेटी सदर मो. गुलजार खान, मुतवल्ली, जलील खान, तामीर कमेटी सदर मो. रहीम खान ने बताया कि उर्स में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह दिक्कत न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है । शासन के मंत्रियों, मुख्यमंत्री सहित स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों को 62वें उर्स पाक में आमंत्रित किया जा रहा है । उपरोक्त जानकारी सलीम अशरफी ने दी है ।

जीत-हार | अमरिया, किरण और सुखम की जिला पंचायत सदस्य चुनाव में पराजय

भाजपा के दो और कांग्रेस के एक जनपद अध्यक्ष को जनता ने नकारा

- कांग्रेस के महेंद्र, रामछत्री और मसीहा फिर पहुंचे जिला पंचायत

राजनांदगांव। पंचायती राज व्यवस्था के आठवें कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में इस बार राजनांदगांव जिले में जिला पंचायत सदस्यों के बेहद रोचक परिणाम सामने आए है। कुल 24 सीटों में भाजपा ने तीन जनपद पंचायत अध्यक्षों को जिला पंचायत सदस्य के लिए मैदान में उतारा था जिसमें मात्र खैरागढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष रहे विक्रांत सिंह की ही जीत हुई। अंबागढ चौकी जनपद पंचायत के अध्यक्ष शिवचरण अमरिया को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 की जनता ने नकार दिया और डोंगरगढ़ जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण साहू को क्षेत्र क्रमांक 13 बेलगांव इलाके की जनता ने जवाब दे दिया। इधर कांग्रेस ने मानपुर जनपद पंचायत की अध्यक्ष सुखम बाई खरे पर दांव लगाया था पर सत्तासीन कांग्रेस विधायक इंदरशाह मंडावी का क्षेत्र होने के बाद भी उन्हे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 24 की मतदाता ने धूल चटा दिया। क्षेत्र 21 से बुरी तरह पराजित होने वाले भाजपा के शिवचरण अमरिया के बारे में ऐसा बताया जाता है कि उन्होने जनपद अध्यक्ष के पद पर रहते पंचायतों में एकतरफा सप्लाई का काम किया, इसी वजह से मतदाताओं ने उन्हे पंचायती राज की राजनीति से किनारा कर कर दिया। इधर कांग्रेस के तीन सदस्य महेंद्र यादव, रामछत्री चंद्रवंशी और और वीरेंद्र मसीहा फिर से चुनाव जीतकर राजनांदगांव जिला पंचायत की दहलीज पर पहुंच गए है। 24 सीटों में भाजपा ने वैसे तो पार्टी द्वारा अधिकृत 11 प्रत्याशियों पर फतह हासिल की है पर पार्टी के बारह प्रत्याशियों के जीत हासिल किए जाने की सुर्खियां बटोरी जा रही है। भाजपा की बागी जिला पंचायत सदस्य गीता घासी साहू किस ओर जाएगी उन्होने अभी अपना स्पष्ट पत्ता नहीं खोला है पर पार्टी के होने के कारण भाजपा उसे अपना ही मान रही है। ज्ञात हो कि बागी चुनाव लडने के कारण जिला भाजपा के अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने करीब आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशियों को पार्टी से निष्कासित किए जाने का नोटिस जारी करने की खबरे साामने आई थी। इसमें गीता घासी साहू भी शामिल थी। अब भाजपा के लिए गीता घासी साहू किंग मेकर साबित होते दिख रही है।

24 सीटों में तेरह महिला, 11 पुरूष

जिला पंचायत राजनांदगांव में इस बार कुल तेरह महिलाओं ने जीत हासिल की है। इसमें कांग्रेस की सात और गीता साहू को मिलाकर भाजपा की छह महिला शामिल है। कुल 11 पुरूषों ने जिला पंचायत सदस्य के लिए मैदान मारा है जिसमें कांग्रेस के चार और भाजपा के छह और एक निर्दलीय शामिल हैं। विजयी महिलाओं में कांग्रेस की श्रीमती ममता पाल, निर्मला बाई वर्मा, हर्षिता स्वामी, पुष्पा वर्मा, प्रभा साहू, राम छत्री चंद्रवंशी, कांति भंडारी शामिल है। इसी प्रकार भाजपा में प्रियंका ताम्रकार, इंदुमति साहू, जागृति यदु, ललिता कंवर, राधिका अंधारे और श्रीमती गीता साहू शामिल है।

स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल, अस्पताल खुद बीमार

- नगरपालिका अध्यक्षा ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण जमकर लगाई फटकार
- जरूरी दवाइयां उपलब्ध नही बाहर से दवा लेने मजबूर मरीज

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली लौहनगरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार है ऐसे में लोगो का इलाज कैसे संभव है। ग्रामीणों की मानें तो अस्पताल में सिर्फ नाम लिखकर पर्चा काट दिया जाता है और फायदा न होने पर इलाज के लिए स्थानीय अपोलो अस्पताल या बड़े शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है। अस्पताल में या तो महत्वपूर्ण दवाओं का टोटा है या स्टाफ का समय से अस्पताल ना आना या पर्याप्त उपकरण ना होना,मरीजो के बेड गंदे होना सफाई व्यवस्था का खराब होना। स्टाफकी कमी भी एक बड़ी वजह बनकर सामने आ रही है। आयुर्वेदिक डाक्टर तो है परंतु उनका समय निर्धारित नही है। हफ्ते में 2 दिन ही उनकी उपस्थिति रहती है आयुर्वेदिक दवाइयां बोरो में कार्टूनों में फेंकी पड़ी है। डाक्टर की टेबल में जमी धूल भी डाक्टर की उपस्थिति बयान करने काफी है। पीने के पानी की भारी किल्लत है वाटर कूलर तो पार्षद निधि से लगा दिया गया लेकिन दोबारा पार्षद महोदय कभी झांकने नही गए मशीन सड़ने की कगार पर है। डाक्टर भी एक ही होने से मरीजो को परेशानी उठानी पड़ रही है। आज बचेली नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती पूजा साव ने पार्षदो एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जिसमें कई खामियां निकलकर सामने आई। अध्यक्षा ने सभी स्टाफ को बुलाकर जमकर फटकार लगाई एवं अस्पताल में क्या कमियां है उसके बारे में जानकारी ली। डाक्टर जनार्दन रेड्डी ने बताया कि लगभग 4 महीनों से जिला स्वास्थ्य विभाग दवाइयां नही भिजवा रहा है। ऐसे में बिना दवाइयों के लोगो को मजबूरी में बाहर से दवाइयां लेनी पड़ रही है। स्टाफ की कमी के चलते लेब टेक्नीशियन पर भी अतिरिक्त दबाव बना रहता है। कई उपकरण खराब है इसकी जानकारी स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को दे दी गयी है परंतु उनके द्वारा चीजे जल्द मुहैया नही करवाई जा रही है। सिरिंज डिस्पोजल मशीन खराब है। मेडिकल कचरा इकठ्ठा करने वाले प्लास्टिक बैग नही है। शुगर जांचने वाली किट नही है। कुल मिलाकर हालात बदतर है जिला स्वास्थ्य विभाग को इसपर ध्यान देने की जरूरत है।

शनिदेव का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। शनिदेव महाराज का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें 16 प्रकार का पूजा अभिषेक, श्रृंगार, हवन के उपरांत महाआरती की गई तत्तपश्चात प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की। इस अवसर पर आकर्षक साज-सज्जा भी की गई थी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा श्रद्धालु शनिदेव का दर्शन कर पूजा अर्चना करते दिखे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पूजा में भी लोग शामिल हुए। वर्ष 2006 में मंदिर की स्थापना की गई थी तत्तपश्चात से स्थापना दिवस धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। व्यवस्थापक श्रीमती प्रमिला चैरसिया, दुर्गा लाल गोयल, विजय महराज ,नवीन बहेलिया, ईश्वर पटेल ,अप्पू शर्मा ,चित्रकांत ठाकुर, फत्ते ठाकुर, दिपक यादव ,शनि सारथी ,राजकुमार यादव ,पवन पटेल, महेश, सहित बड़ी संख्या मे भक्त जन उपस्थिति थे।

कुपोषित बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्र मुंगेली से नई मुस्कुराहट लेकर लौट रहे है अपने घर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बच्चों के चेहरों की रौनक और मुस्कान लौटने लगी है। हंसते खिलखिलाते इन्ही नन्हे बच्चों में जिला मुख्यालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र के बच्चे भी शामिल हो गये है। जहां गम्भीर कुपोषित बच्चे सुपोषित होकर अपनी चेहरो में नई मुस्कान लेकर अपने घर लौट रहे है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान कुपोषित बच्चों के लिए एक वरदान के रूप में सामने आया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत माह अक्टूबर 2019 से जनवरी 2020 तक 6 माह से 5 वर्ष तक के 70 गम्भीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र मुंगेली में भर्ती कराया गया था। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती इन कुपोषित बच्चों का ध्यान रखकर उन्हें क्रमशः नियमित रूप से पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। जिसके फ्लस्वरूप बच्चे अपने चेहरों में नई मुस्कान लेकर अपने घर वापस लौटे।

हर मां की चाहत होती है कि उसका बच्चा फूल सा खिलता मुस्कुराता रहे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत पोषण पुनर्वास केंद्र में न केवल बच्चों की भूख एवं आहार का ध्यान रखा जाता है बल्कि कुपोषित बच्चों की माताओं को भी पौष्टिक भोजन दिया जाता है। जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तो हो ही रहा है अपितु माताओं के वजन में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। इस अभियान में पोषण पुनर्वास केंद्र अहम भूमिका का निवर्हन कर रहा है।

खिलाड़ियों को सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास केवल कागजों पर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राज्य शासन के द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को सुविधा उपलब्ध कराने एवं खेल मैदान के लिए प्रयास कर रही हैं। किंतु शासन के द्वारा किए जा रहे यह प्रयास केवल कागजों पर ही नजर आ रहे हैं। खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों मे अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते प्रतिभाओं में निखार नहीं आ पा रही हैं।

जिला बनने के बाद खेल जगत से जुड़े लोगों को अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। किंतु मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रो की प्रतिभाएं उभरकर सामने नहीं आ पा रही हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाते हैं। यह प्रयास बौने साबित हो रहे हैं। क्षेत्र के अनेक खिलाड़ी सभी खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। संसाधनों की कमी के बाद भी अनेक खेलो में जिले का दबदबा कायम रहा हैं। खिलाड़ियों ने अनेक पुरस्कार जीते हैं।

जिले के अंतर्गत सभी खेलों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा हैं किंतु आज भी अनेक ऐसे खेल हैं जिनके लिए खिलाड़ियों को प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर रहना पड़ता हैं। जिले के अंतर्गत ग्राम सेतगंगा में तैराकी में अपनी प्रतिभा राज्य में प्रदर्शित करने के बाद भी आज भी उन्हे ग्रामीण क्षेत्रो के तालाब या जलाशय पर ही निर्भर रहना पड़ता हैं। स्वीमिंग पुल के अभाव में तालाबों एवं सरोवरों के गंदे पानी में ही अपना अभ्यास पूरा कर राज्य स्तर पर होने वाली प्रतिभाओं में अपना वर्चस्व कायम रखा हैं। ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित यह छात्र-छात्राएं को यदि उचित मार्गदर्शन एवं संसाधनों की पूर्ति की जाए तो इनकी प्रतिभाओं में निखार जाएगा।

ऑनलाइन सट्टेबाजी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में की गयी कार्यवाही
- अचानक हुई कार्यवाही से सट्टेबाजों में मचा हड़कंप

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। लबे समय से ऑनलाइन सट्टे के कारोबार में बढ़ोतरी को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती पूजा साव उपाध्यक्ष उस्मान खान एवं कांग्रेसी पार्षद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आज पुलिस थाना जाकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें उल्लेख किया गया की नशे की दवाइयों की अवैध बिक्री एवं सट्टा मटका के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जाए क्यों की बचेली की युवा पीढ़ी इसके मकड़जाल में फसकर बर्बाद हो रही है। नगरपालिका अध्यक्षा द्वारा दिया गया ज्ञापन इसी कड़ी में आज एसडीओपी देवांश सिंह राठौर,थाना प्रभारी शील आदित्य ने मुखबिर की सूचना पर बचेली के कई ठिकानों में दबिश देकर दो लोगो को सत्तापट्टी एवं नगदी के साथ गिरफ्तार किया। जिसमें रामकृष्ण चौधरी (गब्बर) के पास से 28200 की सट्टापट्टी एवं 5720 रुपये नगदी वही अशोक अग्रवाल (छोटू) के पास से 2020 नगदी एवं 2500 की सट्टा पट्टी बरामद किया गया। एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया की दोनों आरोपियों के खिलाफसट्टा एक्ट के तहत धारा 4 क के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। एवं सट्टा मटका में लिप्त अन्य लोगो पर भी साइबर एक्सपर्ट की मदद से निगरानी रखी जा रही है। नशीली दवाओं के विक्रेताओं पर भी जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। किसी भी प्रकार के गैरकानूनी कार्य करने वालो को बख्शा नही जाएगा।

नि:शुल्क ईलाज-ऑपरेशन 19 मार्च से मिशन राहत चलेगा

- कैंसर की जांच भी मुफ्त की जायेगी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरबा जिले के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के नि:शुल्क ईलाज के लिये अगले महीने 19 मार्च से इंदिरा स्टेडियम टी.पी. नगर में मिशन राहत शुरू होगा। वृहद् मेडिकल कैम्प के रूप में आयोजित इस मिशन में कोरबा सहित आसपास के जिलों के गम्भीर और सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ईलाज और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन भी किया जायेगा। मिशन राहत के लिये आज कलेक्टर ने जिला प्रशासन के अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्था रोटरी क्लब के प्रतिनिधियों तथा कोरबा के निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जरूरी बैठक की और इस आयोजन की रूपरेखा तय की। इस वृहद् मेडिकल कैम्प के सफल आयोजन के लिये शहर के निजी चिकित्सालयों और समाजसवा संस्थाओं की भी मदद ली जायेगी। 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले इस वृहद् नि:शुल्क मेगा कैम्प में मोतियाबिंद, कटे-फटे होंठ, हड्डी रोग, पोलियो से ग्रसित हड्डियों को ठीक करना, पैर के तलवों का समतलीकरण, कान संबंधी रोग, हाइड्रोसिल, हॉर्निया, दांत की बीमारियों के ईलाज और ऑपरेषनों के साथ-साथ मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जॉच भी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जायेगी।

अब दुर्गम गांव में भी हो रही है अधिकारियों की ग्रामीणों संग चर्चा

- ग्राम मुरनार के गोठान में हुई समय-सीमा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। कलेक्टर नीलकंठ टीकाम की अभिनव पहल के तहत अब दूरस्थ और वनांचल के ग्रामों में भी नियमित रुप से साप्ताहिक समय-सीमा बैठक की परिपाटी प्रारंभ की गई है। इस कड़ी में विकासखण्ड केशकाल के पहाड़ी क्षेत्र में बसे गांव मुरनार में समय-सीमा बैठक का विगत् 4 फरवरी को आयोजन किया गया था। ज्ञात हो कि इस प्रकार दूरस्थ ग्रामों के आयोजित बैठको में समस्त विभाग प्रमुखों द्वारा समय-सीमा बैठक की अद्यतन जानकारी तो प्रस्तुत किया जाता है साथ ही उपस्थित ग्रामीणों की दिक्कतों और उनके निराकरण की भी सुनवाई होती है। इस क्रम में ग्राम मुरनार में भी नवनिर्मित गौठान में बैठक रखने का उद्देश्य शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी योजना 'नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी' के क्रियान्वयन को जमीनी स्तर पर ठोस आधार देना है ताकि आम ग्रामीण तथा समस्त विभागो में सार्थक समन्वय हो। ग्राम मुरनार में निर्मित किए गए गौठान में लगभग 140 पशुओं को रखने की व्यवस्था की गई है । जिनका रख-रखाव गौठान समिति मुरनार द्वारा किया जा रहा है। लगभत तीन एकड़ में फैले इस गौठान में भेड़-बकरी, कुक्कुट को भी रखने की व्यवस्था की गई है और इसे पशुओं के डे-केयर सेंटर के रुप में विकसित किया गया है यहां पशुओं के लिए छाया, पेयजल, चारे, पशु टीकाकरण की भी व्यवस्था की गई है। इस गौठान में नलकूप खनन, सोलर पंप लगाकर, पशुओं के लिए हरे चारे तैयार किए जा रहे है साथ ही बैठक में गौठान हेतु एक बकरी पालन शेड , सुकर पालन शेड 02 नग, कुक्कुट पालन 01 नग (क्षमता 250 चूजे) को भी स्वीकृति दी गई।

बेमौसम बारिश ने बढ़ाई ठंड, रबी फसल प्रभावित, किसान चिंतित

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में कल हुई बारिश की वजह से जहा आम जनजीवन प्रभावित हुआ वही आज सुबह से ही घने कोहरे के मार ने आवाजाही को बहुत हद तक अवरूद्ध कर दिया। घने कोहरे की मार का असर सुबह 7 बजे के बाद तक देखा गया, बिलासपुर मुंगेली रोड़ पर जहा गाड़ियों की कमी देखी गई वही सुबह सवेरे मार्निंग वॉक पर निकलने वाले भी महज इक्क दुक्का ही नजर आए, वही किसानों को भी अपने रबी फसल की चिंता अब सताने लगी है, बता दे कि लगातार इस प्रकार मौसम के बदलाव से चना, तिवरा के साथ साथ सब्जियों को भी नुकसान होने की आशंकये उठने लगी है, सब्जिया का उत्पादन करने वाले लोगो ने बताया कि ऐसे मौसम में कीड़े लगने की सम्भावना बड़ जाती है, जिसके चलते कीटनाशक दवाओं का खर्च बढेगा, वही कुछ किसानों की मिसाई अभी भी बाकी है।

मौसम ने एकाएक करवट बदला और सोमवार को दिनभर बादल छाए रहे और तापमान गिरावट आई और मगलवार को सुबह से ही बदली गहरा गई और सुबह 9 बजे से पानी गिरना आरंभ हुआ और पूरे दिन भर पानी गिरते रही। पश्चिमी विक्षोभ के फलस्वरूप मौमस में बदलाव आया और इसके प्रभाव से बारिश हुई। मौसम के इस बदलाव से खेती किसानी के साथ सब्जियों पर नुकसान हुआ है, वहीं दैनिक मजदूर, गोमचे ठेले वालों पर जहां कहर ढा रहा है वहीं व्यवसायियों के लिए भी यह मौसम नुकसान देने वाला बन गया है इधर सरकार की धान खरीदी अंतिम दौर में है बारिश ने इसे भी प्रभावित किया है अब अगले दो-तीन फड़ के गिला रहने से धान की खरीदी व उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव भी नही हो पायेगा। जो कि खरीदी की व्यवस्था को आगे भी प्रभावित करेगा।

इस वर्ष बारिश मुसीबत बन कर किसानों के साथ आम नागरिकों परेशान कर रही है आये दिन कभी-कभी अचानक मौसम करवट बदलती है और आसमान में बादल छा जाते है और वातावरण बरसाती मौमस की तरह हो जाता है और बारिश होने लगती है दिसम्बर-जनवरी माह में भी कुछ दिनों के अन्तराल पर लगातार बारिश होने लगी है जिससे माहोल बरसात जैसा बन जाता है और असामयिक बारिश हर व्यवस्था को नुकसान पहुचा रहा है। बारिश का यह कहर मुंगेली के लिए ही नही वरन् पूरे जिले को अपनी चपेट में लिया है जनवरी में 7-8 बार पानी गिरने से वातावरण बरसात के मौसम जैसा हो जाता है और मौसम के असामयिक इस बदलाव से लोग परेशान हो चुके है। सोमवार का मौसम ने एकाएक करवट ली और जिले में हो रही बेमौसम बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दिया है। और बारिश के प्रभाव से हवाएं भी ठंडी होकर कहर ढा रही है और ठंड से लोग कॉपने लगे है। अचानक मौसम के इस बदलाव से मजदूर वर्ग बड़ा पीड़ित है, निर्माण कार्य में जाने वाले मजदूरों के लिए पानी गिरकर अवसर समाप्त कर देता है।

धान खरीदी | सात दिन शेष, 6317 पंजीकृत किसान अब भी नही बेच पाए धान

पंजीकृत किसानों को नहीं दिया जा रहा दुबारा टोकन, किसान चिंतित

- धान खरीदी का रकबा 31624 अब भी 15543 रकबे पे खरीदी शेष

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। जिले में रोज बदलते नियम व बार-बार हो रही बेमौसम बारिश के चलते किसानों को धान बेचने भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। बारिश होते ही जिले की आधी धान खरीदी बंद कर दी जा रही है जहा मंगलवार को हुई बेमौसम बारिश से फिर एक बार खरीदी बंद कर दी गई जिसके पीछे अधिकारियों ने समिति में पानी भरने व जमीन गीला होने का हवाला दिया वही अब इन किसानों को दोबारा टोकन लेने में रकबा कम कर टोकन जारी करने की शिकायते आ रही जिससे किसान अब चिंतित हैं जब कि जिले में अभी भी मिली जानकारी अनुसार बीते मंगलवार तक 6317 पंजीकृत किसान धान नहीं बेच पाए हैं। अब उनके पास धान बेचने केवल 7 दिन ही शेष हैं।जब कि जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 19510 है जिसमे अब भी पंजीकृत रकबा 31624 में केवल 16081 रकबा का ही धान जिले के 22 समितियों के माध्यम से खरीदा गया हैं वही अब भी 15543 रकबा की खरीदी करना शेष हैं जब कि कुछ किसानों को एक बार टोकन कटने के पस्चात दुबारा टोकन नही मिलने से लाभान्वित किसानों की संख्या ज्यादा व पंजीकृत रकबा कम दिख रहा ऐसे में अब अवकाश को छोड़कर 7 दिन ही शेष होने के कारण किसानों को चिंतित होना स्वाभाविक है।

इस बार मौसम किसानों को दगा दे रहा है। धान खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक कई बार बारिश हो चुकी है और हर बार खरीदी समिति स्थल के सूखने तक ठप हुई है। जहा मंगलवार को फिर ऐसी ही स्थिति बनी। सुबह 11बजे से बारिश होने के बाद फिर से खरीदी ठप पड़ गई, इससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। धान बेचने केंद्र पहुंचे किसानों का धान वापस लाने पर भीग भी गया जिससे अब दुबारा नमी व टोकन कटने को लेकर भी किसान परेशान हैं वही कुछ समितियों में 13 तक खरीदी टोकन कुछ समिति में 3 हजार पहुँचने के कारण अब बचे किसानों को लिए गए लोन मात्रा का ही टोकन दिया जा रहा वही समिति कर्मचारी ऊपर से नियम का हवाला देकर पल्ला झाड़ ले रहे।

उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में अब तक धान खरीदी के बीच में ही पंचायत चुनाव के कारण जहा जिले की सभी समिति जिले के अधिकारियों के विशेष निर्देश पर 3 दिनों तक बंद रही वही जिले में खरीदी सुरु होने से लेकर अब तक आधा दर्जन से ज्यादा बार बेमौसम बारिश हुई है, इसके चलते सोसायटियों में धान खरीदी बंद करनी पड़ी है। इस चक्कर में धान बेचने से लेकर टोकन कटाने तक किसानों को हलाकान होना पड़ा।

बेमौसम बारिश से फिर भीगा करोड़ों का धान

मंगलवार को हुई बेमौसम बारिश से फिर खरीदी केंद्रों में व्यवस्था चरमरा गई। खुले आसमान के नीचे रखे करोड़ों का धान कई समितियों में भीगने की चर्चाएं है वही जिले में मंगलवार को हुई बारिश में भी जिले में इस दिन खरीदी के लिए 715 किसानो से टोकन अनुशार 33217 किवंटल खरीदी का लछ्य था जहाँ पानी के पश्चात भी जिले के कुछ केंद्रों में देर शाम तक 305 किसानों से 12841 किवंटल धान लिया गया जो कि जिले में सुर्खियों का विषय बना हुआ है जब कि जिले के दो ही केंद्रों में सेड है ऐसे में भीगते पानी मे खरीदी को लेकर सवाल उठना लाजमी है जब कि जिले के अधिकारी चुनाव थकान व मीटिंग का हवाला देकर कुछ भी कहने से बचते नजर आए वही जिले में अब तक 13193 किसानों से 5 लाख 95 हजार क्विंटल लगभग धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि उठाव 5 लाख 27 हजार 260 क्विंटल धान का हुआ है वही 67747 क्विंटल धान अभी भी समिति में जाम पड़ा हुआ है।

मामूली बात को लेकर पत्नी को मौत के घाट उतारा, पति को उम्र कैद

ग्राम पंचायत क्रिष्टिकुर थाना कोरर का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। शहर से सटे ग्राम पंचायत क्रिस्टिकुर के थाना कोरर के 35 वर्षीय छन्नू राम नेताम ने अपनी पत्नी को मामूली बात को लेकर मौत के घाट उतार दिया था मामूली बात को लेकर पत्नी को मौत के घाट ऊतारने वाले आरोपी पति छन्नू राम 35 वर्ष को बुधवार को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा व 1 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।शासन कि ओर पैरवी कर रहे शासकीय

अभियोजक तुकेश्वर राणा ने बताया कि कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम क्रिष्टीकुर निवासी 35 वर्षीय छन्नूराम नेताम पिता स्व. आलोर

सिंह नेताम व उसकी पत्नी 32 वर्षीय कनेश्वरी सोन के बीच खेत की मिट्टी हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ था।इसी बात को लेकर आरोपी पति ने अपनी पत्नी को टोरा बीनने के दौरान मुह में साड़ी से दबाकर घसीटते हुए महेन्द्र जैन के लाड़ी में ले जाकर मौत के घाट के ऊतार दिया।पुलिस के डॉगस्कॉट की टीम ने आरोपी को पकड़ लिया व पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण कार्यवाही करने के बाद आरापी को न्यायालय में पेश किया।जहां पर विचारण के दौरान आरोपी को दोषी पाने पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी प्रबोध टोप्पो ने धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास व 1 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

आकर्षण का केन्द्र बना पोषण वाटिका

■ जैविक खाद से हो रहा है सब्जियों का उत्पादन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। चारामा विकासखण्ड के ग्राम पण्डरीपानी में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के पोषण वाटिका लोगों के लिए आकर्षण एवं कौतूहल का विषय बना हुआ है। यहां पर विभिन्न साग-सब्जियों का उत्पादन जैविक खाद से किया जा रहा है, जिसे बच्चे स्वयं उपभोग करते हैं और इस प्रकार उन्हें अतिरिक्त पोषण आहार प्राप्त हो रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के मार्गदर्शन में वर्ष 2016-17 में तैयार की गई इस पोषण वाटिका का इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. आर.के. पाटिल सहित विभिन्न संस्थाओं एवं अधिकारियों के द्वारा अवलोकन किया जा चुका है और उसकी प्रशंसा की गई है।

ग्राम पंडरीपानी के प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में वर्तमान में लौकी, बैंगन, सेम, टमाटर, अदरक, हल्दी, कुंदरू, धनिया, मेथी, पालक, मिर्च, और अरबी-कोचई लगाई गई है, जिसे छात्रावासी बच्चों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। बाजार के रासायनिक उर्वरकों से उत्पादित सब्जियों के बजाय वे स्वयं के द्वारा जैविक खाद से उत्पादित सब्जियों के प्रयोग कर रहे हैं, जिससे उनके सेहत में सुधार आया है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी हुआ है। यहां पर फलदार पौधे कटहल, मुनगा, केला, पपीता, अमरूद, जामुन, काजू, बादाम, लीची, मोसम्बी, चीकू, अनार, बेल, नारियल, आंवला, शहतूत, आम, नींबू, ईमली एवं सीताफल इत्यादि के पौधे भी लगाये गए हैं। इसके अलावा सजावटी पौधे भी लगाये गये हैं। छात्रावास के अधीक्षक भीखम सिंह ध्रुवे ने बताया कि छुट्टी के दिन छात्रावासी बच्चों द्वारा पोषण वाटिका में एक घंटा श्रमदान किया जाता है।

कलेक्टर-सीईओ ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कलेक्टर के.एल. चौहान और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण कर कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं इकाईयों का अवलोकन किया। उन्होंने बटेर पालन ईकाई, मशरूम उत्पादन ईकाई, कड़कनाथ हैचिंग ईकाई, लाख प्रसंस्करण, कुक्कट आहार निर्माण ईकाई, बीज प्रक्रिया ईकाई, पशुधन ईकाई, मछली बीज उत्पादन ईकाई सहित मक्का प्रदर्शन एवं पोषण वाटिका का अवलोकन किया तथा कृषि विभाग के उप संचालक एन.के. नागेश को गौठान समितियों के सदस्यों को कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण कराने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने कलेक्टर एवं सीईओ को कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में बटेर एवं कड़कनाथ का हैचिंग एवं पालन किया जा रहा है, साथ ही किसानों को इसकी चूजे भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा

मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण समय-समय पर महिला स्व सहायता समूह को दी जा रही है एवं मशरूम उत्पादकों को स्पॉन बीज प्रदाय किया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र में 7 एकड़ में मक्का प्रदर्शन के अलावा, लगभग 2 एकड़ में मातृत्व फलोद्यान, 05 एकड़ में अलसी, 02 एकड़ में गेहूॅ की फसल ली गई है, साथ ही बीच-बीच में अतवर्तीय फसल लिया गया है और 02 एकड़ में बरसिम, जेई और नेपियर का चारा उत्पादन किया जा रहा है।

जीवनदीप समिति की बैठक में विभिन्न कार्यों का अनुमोदन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर में फरवरी के अंतिम सप्ताह में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। जिले के सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के गंभीर बिमारियों से पीड़ित मरीजों को चिन्हांकित कर सूची 11 फरवरी तक उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है। विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिए कांकेर शहर के समाज सेवियों, चेम्बर ऑफ कार्मस एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक भी आयोजित किया जाएगा। कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर के जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी सभा की आज जिला कार्यालय में कलेक्टर श्री के.एल. चैहान की अध्यक्षता एवं विधायक श्री शिशुपाल शोरी और संसदीय सलाहकार श्री राजेश तिवारी की विशेष उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस आशय का निर्णय लिया गया साथ ही जिला चिकित्सालय में लेबर रूम, एसएनसीयू, ओटी तथा आईओटी के लिए यूपीएस खरीदने, मरच्यूरी का मरम्मत कराने, जिला चिकित्सालय भवन में एसीपी कार्य और वाहन शेड निर्माण के लिए अनुमोदन किया गया, साथ ही अन्य कार्यों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये। बैठक में नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी ठाकुर, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ किरण तिग्गा, सभी बीएमओ एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टरगण उपस्थित थे।

लयांग-लयोर करसाना पण्डुम के तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। तहसील मुख्यालय भानुप्रतापपुर में जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' का आयोजन 07 से 09 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियों का कलेक्टर श्री चैहान ने आज समीक्षा किया तथा सामूहिक नृत्य प्रदर्शन के दौरान पर्याप्त मात्रा में वालिटिंयर तैनात करने के निर्देश देते हुए कहा कि 150-150 शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन कर उनकी बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन मेश्राम को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' में हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी व कॉलेज स्तर के छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस खेल प्रतियोगिता में -दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, रिलेरेस, तवा फेंक, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, तिरदांजी, एथलैटिकस, वॉलीबाल, खो-खो, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद इत्यादि

खेल-कूद प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रहसन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य इत्यादि प्रस्तुत किये जायेंगे। जिसके सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चैहान द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं, उनके द्वारा आज शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला, कृषि विभाग के उप संचालक एन.के. नागेश, सहायक संचालक उद्यानिकी व्ही.के. गौतम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला परियोजना समन्वयक आनंद गुप्ता एवं आर.पी. मिरे तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया निर्माण कार्य एवं अस्पताल का निरीक्षण

■ समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्वक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कलेक्टर के.एल. चौहान ने ग्राम नाथियानवागांव में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत 03 करोड़ 76 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन एकीकृत सुविधा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा कार्य को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। उक्त निर्माण कार्य के निरीक्षण पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुरी का भी निरीक्षण किया एवं सभी वार्डों में जाकर सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके ईलाज एवं भोजन के संबंध में पूछताछ

किया। अस्पताल परिसर का समुचित साफ-सफाई करने एवं दवाईयों के एक्सपायरी होने के पूर्व उन्हें उच्च संस्थाओं में भेजने के निर्देश दिए, ताकि दवाईयों का समय पर समुचित उपयोग हो सके।

जनवरी में 39 लोगों का हुआ सफल लेंस प्रत्यारोपण

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में अब तक 100 से अधिक हो चुके मोतियाबिंद के आपरेशन

■ 150 से अधिक लोगों ने कराया है आपरेशन के लिए निशुल्क पंजीयन

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटना में नवम्बर से अब तक 100 से अधिक लोगों के लेंस प्रत्योपित किये गए हैं। मोतियाबिंद के उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटना में आपरेशनकक्ष की स्थापना के बाद से इस क्षेत्र के मोतियाविंद के मरीजो को सुविधाऐ मिलने लगी है। जिला अंधत्व नियंत्रण समिति, बैकुंठपुर के नोडल डां आर एस

सेंगर, (नेत्र रोग विशेषज्ञ), ने बताया कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अब तक 103 लोगों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। विगत माह जनवरी में कुल 39 चिन्हांकित लोगों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। सुविधाओ को देखते हुए150 से अधिक लोग आपरेशन के लिए निशुल्क पंजीयन भी करा चुके है। जानकारी देते हुए सीएमएचओ डां. रामेश्वर शर्मा ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में सुविधाजनक ओटी खुलने के बाद से वहां निर्धारित समयावधि में नियमित आपरेशन किये जा रहे है। लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा मिलने से स्थानीय रोगियों की संख्या में हिजाफा हुआ है7 हमारी कोशिश है मरीजो को सभी सुविधाये निशुल्क प्रदान करते हुए उनका सफल उपचार करने की है। मोतियाबिंद विश्व भर में अंधत्व् के मुख्य कारण हैं। 60 से अधिक आयु वालों में 40 प्रतिशत लोगों में मोतियाबिंद विकसित होता है। शल्य क्रिया ही इसका एकमात्र इलाज है, जो सुरक्षित एवं आसान प्रक्रिया है। आंखों के लेंस आँख से विभिन्न दूरियों की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। समय के साथ लेंस अपनी पारदर्शिता खो देता हैद्य लेंस के धुंधलेपन को मोतियाबिंद कहा जाता है। दृष्टिपटल तक प्रकाश नहीं पहुँच पाता है एवं धीरे-धीरे दृष्टि में कमी अन्धता के बिंदु तक हो जाती है। ज्यादातर लोगों में अंतिम परिणाम धुंधलापन एवं विकृत दृष्टि होते है। मोतियाबिद का आपरेशन कराने के बाद ग्राम खोड निवासी कृष्णप्रताप ने बताया बाहर के हास्पिटल में आपरेषन कराने की वह सोच रहा था, जानकारी मिलने पर निशुल्क पंजीयन कराने के बाद उसने अपना आपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में कराया अब वह ठीक है।

प्रथम ग्राम सभा का आयोजन गौठान में

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। प्रथम ग्राम सभा एवं पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ समारोह का गौठान में आयोजित करने के लिये कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। भानुप्रतापपुर के जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौठान को बहुउद्देश्यीय गतिविधि केन्द्र के रुप मे विकसित किया जावे तथा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न आर्थिक गतिविधियां आयोजित की जावे। उन्होंने गौठान में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाने तथा अप्रैल माह से स्कूली बच्चों को गौठान का भ्रमण कराने एवं गौठान में अधिक से अधिक पैरा दान कराने के लिए निर्देशित किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

वनोपज बनेगा ग्रामीणों की...

समूहों को भी जोड़ा जाएगा। महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं हाट बाजारों में लघु वनोपजों का क्रय करेंगी और वन-धन विकास केन्द्रों पर लघु वनोपजों के प्राथमिक प्रसंस्करण के काम में भी जुटेंगी। इसके माध्यम से लगभग 5500 महिला स्व-सहायता समूहों की 50 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी।

परियोजना तैयार करने के पहले लघु वनोपज बाजार का सर्वेक्षण वन क्षेत्रों के आसपास के 1082 हाट बाजारों में 480 प्रशिक्षित दल के सदस्यों द्वारा कराया गया। सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ कि 839 हाटबाजारों में 3000 से अधिक गांवों के ग्रामीणों द्वारा लघु वनोपज का संग्रहण कर विक्रय के लिए लाया जाता है। यह जानकारी भी मिली कि व्यापारिक महत्व की 80 प्रजाति की 1200 करोड़ रुपए मूल्य की वनोपजों का विक्रय ग्रामीणों द्वारा हाट बाजारों में किया जाता है।

लघु वनोपज संग्रहण और प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वीकृत

लघु वनोपज संग्रहण, प्राथमिक प्रसंस्करण, हाट बाजार स्तर पर संग्रहण केन्द्र स्थापना, वन धन विकास केन्द्र स्थापना, प्रशिक्षण एवं स्थापित इकाईयों के सृदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जिला यूनियनों को 282 करोड़ रूपए लागत की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। बस्तर संभाग में लगभग 108.56 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गयी है।

लघु वनोपज आजीविका से चार लाख संग्राहक होंगे लाभान्वित

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज क्रय से लगभग 4 लाख संग्राहक लाभान्वित होंगे। सुदृढ़ सप्लाई चैन व्यवस्था से गांव-गांव तक शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्यों का प्रचार-प्रसार होगा, जिससे ग्रामीणों को उनके द्वारा बेची जाने वाली वनोपजों का उचित मूल्य प्राप्त होगा।

स्व-सहायता समूह

विभिन्न स्तर जैसे - ग्राम स्तर, हाट बाजार स्तर एवं वन धन विकास केन्द्रों पर लगभग 5500 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह के अंतर्गत 50 हजार से अधिक हितग्राहियों का चयन किया गया है। बस्तर संभाग में 1931 महिला स्व-सहायता समूहों के अंतर्गत 19310 हितग्राहियों को लाभ प्राप्त होगा।

युवाओं को मिलेगा रोजगार

हाट बाजारों एवं वन धन विकास केन्द्रों में समूह की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए लगभग एक हजार बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रेरक के रूप में चयनित किया गया है। चयनित प्रेरकों को एक ओर जहां रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं दूसरी ओर स्व-सहायता समूहों को लघु वनोपज आधारित आजीविका प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

संग्रहण-प्रसंस्करण के लिए अधोसंरचना विकास

राज्य में चयनित 839 हाट बाजारों एवं 139 वन धन विकास केन्द्रों में अंतर्गत राज्य शासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए संबंधित जिला यूनियन द्वारा जिला कलेक्टर से मनरेगा योजना अंतर्गत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त की जा रही है, इससे महिला स्व-सहायता समूहों को लघु वनोपज खरीदी एवं प्रसंस्करण कार्यों हेतु सुविधा होगी। अभी तक लगभग 55 करोड़ 80 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। संग्रहण केन्द्र में एक अस्थाई गोदाम तथा वनोपज सुखाने के लिए स्थान तथा वन धन विकास केन्द्र में वर्कशेड, सुखाने हेतु स्थान एवं अस्थाई गोदाम का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश के चयनित 839 हाट बाजारों में 704 अधोसंरचना विकास के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार 139 वन धन विकास केन्द्रों में 103 कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

क्रय केन्द्रों को दी जाएगी इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन

लघु वनोपज खरीदी एवं प्राथमिक प्रसंसकरण कार्य हेतु समूहों को आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। प्रथम चरण में संग्रहण ग्राम (फड़), हाट बाजार एवं वन धन किास केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन देने का प्रस्ताव है। यह वेइंग मशीन संघ की योजनाओं के माध्यम से प्रदान की जा रही है। लगभग 4500 क्रय केन्द्र एवं 139 वन धन विकास केन्द्रों को इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन प्रदान किया जाएगा। इस पर लगभग 3 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि व्यय की जाएगी।

लघु वनोपज संग्रहण...

करने के लिए सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर 839 हाट बाजारों पर संग्रहण केन्द्र एवं 139 हाट बाजारों पर वन धन विकास केन्द्र की स्थापना की गई है, इसमें से बस्तर संभाग के अंतर्गत 317 संग्रहण केन्द्र एवं 47 वन धन विकास केन्द्र की स्थापना की जा रही है। वन धन विकास केन्द्र की स्थापना हेतु भारतीय जनजातीय विपणन संस्थान ट्रायफेड द्वारा 20.85 करोड़ रूपए के परियोजना की स्वीकृति संघ को प्रदान की गयी है, इसी योजना के तहत वन धन विकास केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। इन केन्द्रों में लघु वनोपज के प्राथमिक प्रसंस्करण का कार्य किया जाएगा। हाट बाजार स्तर पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लघु वनोपज का प्राथमिक प्रसंस्करण कार्य किया जाएगा। एक वन धन विकास केन्द्र में कम से कम 300 हितग्राही कार्य करेंगे।

दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद...

काफी समय तक एयरपोर्ट के ऊपर हवा में घुमाया और इसके बाद एटीसी के सही मार्गदर्शन के बाद यह फ्लाइट लैंड हो सकी। यही हाल हैदराबाद, कोलकाता, इंदौर और बंगलोर से आने वाली फ्लाइटों का रहा। कम दृश्यता के चलते इन फ्लाइटों को भी लैंड करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

निर्भया: एक साथ होगी...

अदालत ने सभी को एक साथ दोषी ठहराया था, दोषियों का अपराध बहुत क्रूरता और जघन्य, समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा। लेकिन संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत कुछ कानूनी उपचार उनके भी हैं, जिनका उन्हें भरपूर मौका मिला। मुझे यह कहने में हर्ज नहीं है कि दोषियों ने खूब समय लिया, 2017 में याचिका खारिज होने के बाद भी डेथ वॉरंट जारी नहीं किया गया, किसी ने जहमत नहीं उठाई।

अयोध्या : राम जन्मभूमि...

हिस्से की ज़मीन आवंटित की जाएगी। राज्य सरकार को इस संबंध में अनुरोध भेज दिया गया है और उसने इसका पालन करने की सहमति भी व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मेरी सरकार ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए और इससे संबंधित अन्य विषयों के लिए एक वृहद योजना तैयार की है। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार एक स्वायत्त ट्रस्ट 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। यह भी फैसला हुआ है कि अयोध्या कानून के तहत अधिगृहीत 67.703 एकड़ भूमि जिसमें बाहरी एवं भीतरी आंगन शामिल हैं, नवगठित ट्रस्ट को हस्तांतरित किया जाये। उन्होंने कहा, ये ट्रस्ट अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मस्थली पर भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण और उससे जुड़े विषयों पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुस्तान में हर पंथ के लोग एक बृहद परिवार के सदस्य हैं। इस परिवार के हर सदस्य का विकास हो, वो सुखी, स्वस्थ रहे, समृद्ध रहे, देश का विकास हो, इसी भावना के साथ मेरी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चल रही है। उन्होंने कहा, नौ नवंबर को राम जन्मभूमि पर फैसला आने के बाद सभी देशवासियों ने अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर विश्वास जताते हुए बहुत परिपक्वता का उदाहरण दिया था। मैं आज सदन में देशवासियों के परिपक्व व्यवहार की प्रशंसा करता हूं।

अंतरिक्ष में सबसे लंबे...

रूस के अंतरिक्ष यात्री एलेक्जेंडर स्कोर्त्सोव भी गुरुवार को धरती पर वापस लौटेंगे। यह सुश्री कोच का पहला अंतरिक्ष मिशन था। अपने पहले ही मिशन में वह लगातार सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों की सूची में स्कॉट केली के बाद दूसरे स्थान पर पहुँच गयी हैं जो 340 दिन तक लगातार अंतरिक्ष में रहे थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

अक्षय, रणवीर संग बैड बॉयज का रीमेक बनाना चाहते हैं रोहित

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्म कार रोहित शेट्टी का कहना है कि वह अक्षय कुमार और रणवीर सिंह को लेकर बैड बॉयज का रीमेक बनाना चाहते हैं।

रोहित इन दिनों अक्षय को लेकर फिल्म सूर्यवंशी बना रहे हैं। रोहित ने बताया है कि वह फेमस हॉलीवुड फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' का बॉलीवुड में रीमेक बनाने के सपना देखते हैं। एक चैट शो में बात करते हुए रोहित ने बताया कि यदि वह कभी 'बैड बॉयज' का हिंदी रीमेक बनाते हैं तो वह अक्षय और रणवीर को लीड रोल में लेंगे। रोहित ने बताया कि वह इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्यवंशी' में दोनों के साथ काम कर रहे हैं और जिस तरह से उकी केमिस्ट्री है, वह फिल्म के लिए पर्फेक्ट हैं। रोहित ने एक बार पहले बताया था कि बैड बॉयज उनकी पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है और उन्हें विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस के बीच की केमिस्ट्री काफी अच्छी लगती है। उन्होंने यह भी बताया था कि 2011 में मेकर्स के साथ फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे लेकिन फिर उन्होंने अपना कॉप वर्ल्ड बना लिया है। फिल्म 'सूर्यवंशी' में अक्षय और कैटरीना कैफ नजर आएंगे। वहीं, अजय देवगन 'सिंघम' और रणवीर सिंह 'सिंबा' के रूप में कैमियो करते दिखाई देंगे। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी।

QUIZ TIME

1) किस प्रसिद्ध नायिका ने 'दास्तान' (सन् 1950) में बाल कलाकार के रूप में अभिनय किया है?
(क) शकीला (ख) निवेदिता (ग) सुचित्रा सेन (घ) हेमा मालिनी
2) कौन सा देश प्राचीन माया सभ्यता का निवास था और अब भी इसमें 900 माया पुरातात्विक स्थल हैं?
3) किस ऋषि को परमाणु का जनक माना जाता है? (अत्रि / कणाद)
4) गुरूकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय (हरिद्वार) की स्थापना की थी?
5) चमगादड़ का नाम बतायें जो गुफ्ओं और खंडहर के जगह वनवर्षा में रहता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) शकीला (2) बेलीज (3) कणाद (4) स्वामी श्रद्धानंद (5) होंडुरन सफेद चमगादड़

कभी बी-ग्रेड भोजपुरी फिल्में करती थीं रश्मि देसाई, ऐसे बनीं टॉप ऐक्ट्रेस

कभी बी-ग्रेड भोजपुरी फिल्में करती थीं रश्मि देसाई, ऐसे बनीं टॉप ऐक्ट्रेससाल 2002 में असमी भाषा की फिल्म 'कन्यादान' से अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली रश्मि देसाई आज भोजपुरी फिल्मों का एक बड़ा नाम है।

इन दिनों वह बिग बॉस में सबसे स्ट्रांग कंटेस्टेंट बनी हुई हैं। इस कारण वह इन दिनों काफी चर्चा में भी हैं। लिहाजा ऐसे में उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब सर्च होना भी लाजमी है। आपकी साहूलियत का ध्यान रखते हुए आज हम आपके लिए रश्मि देसाई के इंस्टाग्राम से कुछ चुनिंदा तस्वीरें लेकर आए हैं और इनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प जानकारियां भी। रश्मि देसाई ने 2004 में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया। हालांकि, शुरुआत में उन्हें बी-ग्रेड फिल्में ही ऑफर हुईं। इनमें 'बलमा बड़ा नादान', 'गजब बैल रामा', 'गब्बर सिंह', 'कंगना खनके पिया के अंगना', 'पप्पू के प्यार हो गइल' और 'तोसे प्यार बा' जैसी मूवी शामिल हैं।

पहाड़ों पर अपना घर चाहती हैं आलिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि वह पहाड़ो पर भी अपना घर बनाना चाहती हैं। महेश भट्ट की पुत्री आलिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना इली है। उन्हें फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में गिना जाता है। आने वाले समय में आलिया की क्या इच्छाएं हैं ये उन्होंने बताया है। आलिया ने बताया कि वह जब छोटी थीं उस समय वे पैसे बचाने को लेकर काफी असहज थीं लेकिन वक्त के साथ-साथ उन्होंने ये सीख लिया है। वह अब कभी कभी ही फैंसी बैगों और कपड़ों पर खर्च करती हैं। आलिया पहले पैरेंट्स के साथ लंदन घूमने जाया करती थीं और आज लंदन में उनका अपना घर है। आलिया अब खुद की प्राइवेट जेट चाहती हैं। इसी के साथ वे पहाड़ों पर एक घर भी चाहती हैं। आलिया को नेचर से काफी लगाव है और वह पहाड़ों में भी अपना एक घर चाहती हैं। आलिया इन दिनों फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम कर रही हैं। फिल्म में उनके अपोजिट रणबीर कपूर हैं। इसके अलावा इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया, नागार्जुन और मौनी राय भी नजर आएंगी।

हवा सिंह का किरदार निभायेंगे सूरज पंचोली

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सूरज पंचोली सिल्वर स्क्रीन पर बॉक्सर हवा सिंह का किरदार निभाते नजर आयेंगे। आदित्य पंचोली के बेटे सूरज ने वर्ष 2015 में फिल्म हीरो से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के साथ ही सुनील शेट्टी की बेटी आथिया शेट्टी ने भी अपने बॉलीवुड पारी की शुरुआत की।

सूरज अपनी नई बायोपिक को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म का नाम हवा सिंह है और सलमान खान भी इस फिल्म को प्रमोट कर रहे हैं। सलमान ने सूरज स्टारर फिल्म हवा सिंह का फर्स्ट पोस्टर लुक शेयर किया है। इस तस्वीर में सूरज पहलवान के अंदाज में दूध पीते हुए देखे जा सकते हैं। सलमान ने इस पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा था - हवा से बातें करेगा सिंह... हवा सिंह बायोपिक। गौरतलब है कि हवा सिंह ने वर्ष 1966 और 1970 में एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीते हैं। वह हेवीवेट कैटेगिरी में लगातार 11 बार नेशनल चैंपियनशिप जीत चुके हैं। सूरज इस फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

44 के हुये अभिषेक बच्चन

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन बुधवार को 44 वर्ष के हो गये। मुंबई में 05 फरवरी 1976 को जन्म अभिषेक को अभिनय की कला विरासत में मिली। अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन अभिनेता जबकि मां जया भादुड़ी जानीमानी अभिनेत्री हैं। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण अभिषेक का रूझान भी फिल्मों की ओर हो गया और वह अभिनेता बनने का सपना देखने लगे। अभिषेक ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित जे.पी.दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी से की। इसी फिल्म में उनके अपोजिट करीना कपूर थी जो उनकी भी पहली फिल्म थी। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन अभिषेक के अभिनय को अवश्य पसंद किया गया। रिफ्यूजी के बाद अभिषेक ने तेरा जादू चल गया, ढ़ाई अक्षर प्रेम के, बस इतना सा ख्वाब है, हां मैने भी प्यार किया है, शरारत, मुंबई से आया मेरा दोस्त, मैं प्रेम की दीवानी हूँ, ओम जय जगदीश, एल ओ सी कारगिल, कुछ ना कहो जैसी फिल्मों में काम किया लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं रही।

करॉना वायरस: सूरत के हीरा उद्योग को लग सकती है 8,000 करोड़ रुपये की चपत

■ **सूरत के हीरा कारोबारियों को अगले दो माह में करीब 8,000 करोड़ रुपये की चपत लग सकती है। उनका कहना है कि हॉन्गकॉन्ग हमारे लिए प्रमुख व्यापार केंद्र है लेकिन वहां स्कूल और कॉलेज मार्च के पहले सप्ताह तक के लिए बंद कर दिए गए हैं।**

सूरत। सूरत के हीरा उद्योग को अगले दो माह में करीब 8,000 करोड़ रुपये की चपत लग सकती है। इसकी वजह चीन में फैला जानलेवा करॉना वायरस है। करॉना वायरस की वजह से हॉन्गकॉन्ग ने इमर्जेंसी की घोषणा कर दी है। हॉन्गकॉन्ग सूरत के हीरा उद्योग का प्रमुख एक्सपोर्ट मार्केट है। सूरत के हीरा कारोबारियों का कहना है कि हॉन्गकॉन्ग हमारे लिए प्रमुख व्यापार केंद्र है लेकिन वहां स्कूल और कॉलेज मार्च के पहले सप्ताह तक के लिए बंद कर दिए गए हैं।

करॉना वायरस के फैलने की वजह से वहां कारोबारी गतिविधियां भी काफी घट गई हैं। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के रीजनल चेयरमैन दिनेश नवाडिया ने कहा कि सूरत से हर साल हॉन्गकॉन्ग के लिए 50,000 करोड़ रुपये के पॉलिश्ड हीरों का निर्यात किया जाता है। यह यहां से कुल निर्यात का 37 फीसदी है लेकिन अब करॉना वायरस की वजह से हॉन्गकॉन्ग ने एक महीने की छुट्टी की घोषणा कर दी है।

हॉन्गकॉन्ग में जिन गुजराती कारोबारियों के ऑफिस हैं, वे लौट रहे हैं। नवाडिया ने कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरती है तो इससे सूरत का हीरा उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। सूरत का हीरा उद्योग देश में आयातित 99 प्रतिशत कच्चे हीरो की पॉलिश करता है। उन्होंने कहा कि फरवरी और मार्च में सूरत के हीरा उद्योग को 8,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। एक अन्य उद्योग विशेषज्ञ और हीरा कारोबारी प्रवीण नानावती ने कहा कि इस बात की संभावना है कि हॉन्गकॉन्ग में अंतरराष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी रद्द हो जाए। ऐसा होता है तो सूरत का आभूषण कारोबार बुरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि सूरत में बने पालिश हीरे और आभूषण हांगकांग के जरिये दुनियाभर में भेजे जाते हैं। लेकिन अब वहां अवकाश की वजह से हमारा कारोबार पूरी तरह बंद हो गया है। व्यापारी भारत लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरती है तो सूरत के हीरा उद्योग को 'हजारों करोड़ रुपये' का नुकसान हो सकता है।

कारों का मेला बुधवार से, चीनी कंपनियों के स्टॉलों का संचालन भारतीय करेंगे

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों का प्रमुख शो 15वाँ ऑटो एक्सपो बुधवार से ग्रेटर नोएडा में शुरू हो रहा है, लेकिन इस वर्ष होंडा कार्स, टोयोटा किर्लोस्कर, ऑडी, फिएट, जीप, बीएमडब्ल्यू, लैंड रोवर जगुआर, रॉयल इन्फील्ड, टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और इंडिया यामाहा इसमें भाग नहीं ले रही हैं। इस वर्ष इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनियों की भागीदारी बढ़ी है। इसमें कई ईवी लॉन्च किये जाने की तैयारी है। ब्रिकी में भारी गिरावट के कारण देश की आधी से अधिक कंपनियों ने इसमें भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है। इसमें भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, किआ मोटर्स, रेनो, स्कोडा ऑटो इंडिया, फॉक्सवैगन इंडिया, हुंडई मोटर इंडिया, एमजी मोटर, पियाजियो, हीरो मोटर कंपनी, ईवी इंडिया, बर्ड इलेक्ट्रिक, ओकिनावा, नाहक मोटर्स, डेवोट मोटर्स, ईवोल्ट, ओलेक्ट्रा, सुजुकी मोटरसाइकिल, ग्रेट वॉल मोटर, जेबीएम, फोर्स मोटर्स, एसएमएल सुजुकी आदि शामिल हैं। कोरोना वायरस की वजह से चीनी कंपनियों के मेले में भाग लेने की अनिश्चितता के बीच इसके आयोजक सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष राजन वढ़ेरा ने मंगलवार को कहा कि चीन की कंपनियाँ इसमें भाग ले रहीं हैं लेकिन उनके स्टॉल का प्रबंधन उनके भारतीय कर्मचारी करेंगे।

बड़ी छूट, जो नए टैक्स सिस्टम में आप नहीं ले सकेंग

नई दिल्ली। बजट 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सपेयर्स को टैक्स सिस्टम के दो विकल्प दिए हैं। टैक्सपेयर पुरानी या नई व्यवस्था, दोनों में से एक चुन सकते हैं। पुरानी व्यवस्था में डिडक्शन्स मिलेंगे लेकिन नए सिस्टम में डिडक्शन्स खत्म कर दिए गए हैं। सरकार का कहना है कि नई व्यवस्था काफी आसान है। आइए जानते हैं कि आपको कौन-से डिडक्शन्स ने सिस्टम के चुनाव पर आपको नहीं मिलेंगे।

स्टैंडर्ड डिडक्शन

सैलरी से हुई कुल कमाई में एक एकमुश्त रकम घटा दी जाती है, जिसे स्टैंडर्ड डिडक्शन कहा जाता है। इस रकम को घटाए जाने के बाद टैक्सेबल इनकम का कैलकुलेशन किया जाता है। फिलहाल सैलरीड को 50,000 रुपये तक स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलता है। यानी नया टैक्स सिस्टम चुना तो आप यह डिडक्शन नहीं ले सकते।

LTA: लीव ट्रैवल अलाउंस (एलटीए) कर्मचारी के सीटीसी (कॉस्ट-टू-कंपनी) का हिस्सा होता है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(5) के तहत कर्मचारी ट्रैवलिंग पर होने पर वाले खर्च के लिए छूट का दावा कर सकते हैं। देश में कहीं भी यात्रा करने पर यह छूट मिलती है। एलटीए छूट 4-4 साल के ब्लॉक में 2 यात्राओं के लिए मिलती है। नई टैक्स प्रणाली में आप इसका फायदा नहीं ले पाएंगे।

HRA : एचआरए यानी हाउस रेंट अलाउंस किसी कर्मचारी को दिया जाने वाला अलाउंस है, जो मकान का किराया देने के लिए कंपनी देती है। एम्प्लॉयी के हाथ में आते ही यह टैक्सेबल हो जाता है। इनकम टैक्स कानून के सेक्शन 10(13ए) के तहत कुछ सीमाओं के साथ एचआर पर टैक्स छूट ली जा सकती है। एचआरए के रूप में हुई आमदनी पर टैक्स छूट का फायदा वही उठा सकता है जिसकी सैलरी में एचआरए हो और वह किराये के मकान में रहता हो। नई टैक्स प्रणाली में आप इस छूट के लिए भी दावा नहीं कर पाएंगे।

एंटरटेनमेंट अलाउंस: एंटरटेनमेंट अलाउंस कुछ खास कर्मचारियों को मिलता है। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 16 के तहत यह अलाउंस डिडक्शन कि लिस्ट में आता है। गैर-सरकारी कर्मचारी के मामले में यह अलाउंस टैक्सेबल है।

होम लोन पेमेंट पर छूट: होम लोन के ब्याज की पेमेंट पर टैक्स छूट मिलती है। ब्याज के लिए इनकम टैक्स कानून के सेक्शन 24बी के तहत 2 लाख रुपये तक का डिडक्शन मिलता है। किराये की प्रॉपर्टी पर ब्याज कटौती के लिए क्लेम करने की कोई ऊपरी सीमा नहीं है।

सेक्शन 80सी के तहत मिलने वाली छूट: सेक्शन 80सी के तहत इन्वेस्टमेंट के कई ऐसे विकल्प हैं जिन पर टैक्स में फायदा मिलता है। इनमें ईपीएफ वीपीएफ पीपीएफ ईएलएसएस, म्यूचुअल फंड, सुकन्या समृद्धि योजना, टैक्स सेविंग एफडी, पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट, एनपीएस, एनएससी, एससीएसएस, नाबार्ड बॉन्ड और कुछ अन्य शामिल हैं।

इस साल भारतीयों को मिलेगा 9.2 प्रतिशत औसत इन्क्रीमेंट

एशिया में सबसे ज्यादा: कॉर्न फेरी

बेंगलुरु। इंडिया इंक इस वर्ष एंप्लॉयीज की सैलरी में 9.2 पर्सेंट की औसत बढ़ोतरी कर सकता है। यह पिछले वर्ष के 9.25 पर्सेंट से कुछ गिरा है। कॉर्न फेरी कंपनसेशन रिपोर्ट इंडिया ने यह अनुमान दिया है। कॉर्न फेरी इंडिया के क्लाइंट पार्टनर रूपक चौधरी ने बताया, 'अर्थव्यवस्था की रफ्तार घटने और कई सेक्टरों के लिए मुश्किलों के दौर में इन्क्रीमेंट की दर कम रहने का अनुमान था। ऐसे में सैलरी हाइक पिछले साल के स्तर पर रहने से कॉरपोरेट जगत को कुछ राहत मिल सकती है। इसके अलावा 4.2 पर्सेंट इन्फ्लेशन के साथ देश में सैलरी में वास्तविक इन्क्रीमेंट 5 पर्सेंट रहेगा जो एशिया में सबसे अधिक है।'

अच्छी परफॉर्मेंस वालों को 18% इन्क्रीमेंट!

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से इन्क्रीमेंट रेट कम रहा है। इससे पता चलता है बिजनस परफॉर्मेंस का असर सैलरी पर पड़ा है। कंपनियां अपने P & L मार्जिन और बजट को लेकर अधिक सतर्कता बरत रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छा परफॉर्म करने वालों को इस साल 15-18 पर्सेंट सैलरी हाइक मिल सकती है। कई सेक्टरों की 500 से अधिक कंपनियों के सर्वे से यह रिपोर्ट तैयार की गई है। अच्छी रेटिंग हासिल करने और स्पेशल स्किल्स रखने वाले एम्प्लॉयीज को अधिक इन्क्रीमेंट मिलने का अनुमान है।

सोने-चांदी की कीमतों में आज भी बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। सोने-चांदी के कीमतों में लगातार तीसरे दिन भी गिरावट देखने को मिल रही है। बुधवार 5 फरवरी 2020 को दिल्ली में सोना 396 रुपये गिरा। सराफा बाजार में 10 ग्राम सोने का मूल्य 40,871 रहा जबकि मंगलवार को यह 41,267 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्यूरिटिज (HDFC Securities) के मुताबिक चांदी के रेट में भी बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी दिल्ली के सर्राफा बाजार में बुधवार को 179 रुपये गिरकर 46,881 प्रति किलोग्राम रही।

आटो एक्सपो शुरु, मारुति, महिन्द्रा, टाटा और कीया ने पेश किए नये माडल और कांसेप्ट

ग्रेटर नोएडा (वार्ता)। देश के आटोमोबाइल क्षेत्र में तरक्की के प्रतीक और भविष्य के माडलों को प्रदर्शित करने वाले मंच आटो एक्सपो 2020 बुधवार से शुरु हो गया जिसमें घरेलू और विश्व की नामी-गिरामी कंपनी हिस्सा ले रही हैं।

पंद्रहवां आटो एक्सपो आज यहां स्थित एक्सपो मार्ट में मीडिया के लिए खोला गया है। यह मेला छह से 12 फरवरी तक चलेगा। आमजन के लिए मेला सात फरवरी को खोला जायेगा।

देश की अग्रणी यात्री कार कंपनी मारुति सुजूकी ने मध्य आकार की कूप-स्टाइल एसयूवी फ्यूचरो-ई कांसेप्ट को पेश किया। मारुति ने इसके अलावा हाल ही में उतारी अपनी लोकप्रिय हैचबैक एस प्रेसो के सीएनजी संस्करण को भी उतारा है।

मेले में पहले दिन महिन्द्रा ऐंड महिन्द्रा ने अपने कंसपेट माडल डब्ल्यूवी फनस्टेर के अलावा एक्यूवी300 और सेयूवी 100 के इलेक्ट्रिक वाहनों के माडल प्रदर्शित किए हैं। इसके अलावा महिन्द्रा एटोम को उतारा गया है। कंपनी ने कहा है कि उसका केयूवी इलेक्ट्रिक माडल का दाम सवा आठ लाख रुपए होगा।

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
खण्ड स्त्रोत समन्वयक
(बीआरसी) आवापल्ली

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालक छात्रावास
(पोटाकेबिन) पेगड़ापल्ली

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालक छात्रावास
(पोटाकेबिन) संड्रापल्ली

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आदर्श आवासीय बालक छात्रावास
(पोटाकेबिन) तारलागुड़ा

न्यूज गैलरी

महिला हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया

ऑकलैंड (वार्ता)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक चैंपियन ब्रिटेन को हराने के 24 घंटे बाद मेजबान न्यूजीलैंड को बुधवार को 3-0 से हराकर न्यूजीलैंड दौरे का समापन जीत के साथ किया। भारतीय महिला टीम न्यूजीलैंड दौरे में अपना पहला मैच मेजबान की डेवलपमेंट टीम से 4-0 से जीता था लेकिन उसे न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम से दूसरा मैच 1-2 से और तीसरा मुकाबला 0-1 से गंवाना पड़ा। भारतीय टीम ने दौरे के चौथे मुकाबले में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ब्रिटेन को एक गोल से हराया और पांचवें मैच में न्यूजीलैंड को 3-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की शानदार जीत में स्ट्राइकर नवनीत कौर ने 45वें और 58वें मिनट में दो गोल दागे जबकि टीम का एक अन्य गोल शर्मीला ने 54वें मिनट में किया। मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने इस दौरे में टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताया। भारतीय टीम सात फरवरी को स्वदेश लौटेगी।

ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे : रिजिजू

नई दिल्ली (वार्ता)। एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में चीन के पहलवानों के शामिल होने को लेकर उठे संशय के बीच केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि इस मामले में भारत ओलंपिक चार्टर का पालन करेगा।

चीन में फैले कोरोना वायरस को लेकर चीनी पहलवानों के दिल्ली में 18 से 23 फरवरी तक होने वाली एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने को लेकर संशय पैदा हो गया है। हालांकि चीन के 40 सदस्यीय दल ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन किया है। रिजिजू ने इस संदर्भ में पूछे जाने कर संवाददाताओं से कहा,÷कोरोना वायरस स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। विदेश और स्वास्थ्य मंत्रालय इस मामले को गंभीरता से देख रहे हैं। जहां तक खेलों की बात है हमें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का हर हाल में अपने देश में आयोजन करना है। इस मामले में हम पूरी ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे।÷

उल्लेखनीय है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने रिजिजू के इस बयान से एक-दो घंटे पहले कहा था कि कुश्ती महासंघ चीनी पहलवानों की प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए तैयार है लेकिन इस बारे में कोई भी अंतिम फैसला सरकार को करना है। खुद चीन में 2-3 खेल आयोजनों को कोरोना वायरस के चलते स्थगित किया जा चुका है। पाकिस्तानी पहलवानों की प्रतियोगिता में भागीदारी पर भी खेल मंत्री ने कहा कि उनकी हिस्सेदारी को लेकर भी ओलंपिक चार्टर का पालन किया जाएगा। पाकिस्तान के पांच पहलवानों ने एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए आवेदन किया है।

चीन और पाकिस्तान के पहलवानों की भागीदारी पर फैसला करे सरकार: बृजभूषण

चीन में फैले कोरोना वायरस और पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के चलते इन देशों के पहलवानों की 18 से 23 फ़रवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हाल में होने वाली एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भागीदारी का फैसला भारतीय कुश्ती महासंघ ने सरकार पर छोड़ दिया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन बॉस्केटबॉल संघ ने देश में फैले कोरोना वायरस के कारण चीन महिला बॉस्केटबॉल संघ लीग को सोमवार को स्थगित कर दिया था। इससे पहले चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट को भी स्थगित कर दिया गया था जिसका आयोजन चीन के हेनान में फरवरी के अंत में होना था।

चीन में फैले हुए कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए कजाकिस्तान सरकार ने अपने यहां होने वाले फेड कप एशिया ओसनिया जोन ग्रुप एक टूर्नामेंट को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। यह टूर्नामेंट मूलतः चार से आठ फरवरी तक चीन के डोंगगुआन में आयोजित होना था लेकिन कोरोना वायरस के चलते अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने इसे कजाकिस्तान स्थानांतरित कर दिया था और अब

कजाकिस्तान सरकार ने अपने यहां अंतरराष्ट्रीय खेल टूर्नामेंटों के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता के लिए बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर कहा कि चीन और पाकिस्तान के पहलवानों के भाग लेने को लेकर उन्हें किसी परकार की परेशानी नहीं है, लेकिन इसके लिए दोनों देशों के दलों को भारत सरकार की हरी झंडी मिलने की जरूरत है। जारी वार्ता बृजभूषण ने बताया कि एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इन दोनों देशों ने आवेदन किया है और वर्ल्ड रेसलिंग यूनियन एवं अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक परिषद (आईओसी) के नियमों के अनुसार उन्हें भाग लेने से नहीं रोका जा सकता लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि चीन और पाकिस्तान के कुश्ती दल अंतरराष्ट्रीय मापदंडों पर खरे उतरें। उन्होंने बताया कि चीन का 40 सदस्यीय और पाकिस्तान का पांच सदस्यीय दल इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन कर चुका है, जिसके बारे में विदेश मंत्रालय को सूचित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चीन में कोरोना वायरस के चलते वीज़ा की समस्या हो सकती है क्योंकि काफी भारतीयों को चीन से स्वदेश लाया जा चुका है और खुद चीन में कई खेल आयोजनों को स्थगित किया जा चुका है। उन्होंने साथ ही कहा कि जहां तक पाकिस्तान का मामला है तो उसके साथ भारत के सम्बन्ध अच्छे नहीं चल रहे हैं।

बृजभूषण ने कहा, हम किसी को भी भाग लेने से नहीं रोक सकते। वैसे भी ओलंपिक वर्ष में हमें हर कदम सावधानी से अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए रखना होगा। तमाम प्रक्रियाओं से गुजरने और संतुष्ट होने के बाद ही चीन और पाकिस्तान के पहलवानों के भाग लेने पर फ़ैसला हो पाएगा। उन्होंने बताया कि चीनी पहलवानों और अधिकारियों को तो मेडिकल टेस्ट से भी गुज़रना होगा क्योंकि बिना इसके उनका भाग लेना मुश्किल हो जाएगा। जो भारतीय चीन से लौटे हैं उन सभी का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है ताकि उनमें कोरोना वायरस के किसी भी प्रकार के लक्षण का पता लगाया जा सके।

भारत/न्यूजीलैंड पहला वनडे | श्रेयस के शतक पर भारी टेलर-लाथम की साझेदारी, न्यू जीलैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया

टेलर के विस्फोटक शतक से जीता न्यूजीलैंड, भारत पस्त

विस्फोटक बल्लेबाज रॉस टेलर की नाबाद 109 रन की आतिशी शतकीय पारी और ओपनर हेनरी निकोल्स (78) तथा कप्तान टॉम लाथम (69) के बेहतरीन अर्धशतकों से न्यूजीलैंड ने भारत को पहले एकदिवसीय मुकाबले में बुधवार को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

- शमी ने सात वाइड, शार्दुल ठाकुर ने दो वाइड, रवींद्र जडेजा ने एक वाइड और कुलदीप यादव ने एक वाइड दी
- गुप्तिल और निकोल्स ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े
- टेलर ने लाथम के साथ चौथे विकेट के लिए 138 रन जोड़े
- श्रेयस ने 107 गेंदों पर एक छक्का और 11 चौकों की मदद से अपना पहला अंतराष्ट्रीय वनडे शतक बनाया

हैमिल्टन (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज में 0-5 की हार को पीछे छोड़ते हुए वनडे सीरीज में शानदार शुरुआत की और भारत के बड़े स्कोर को पीछे छोड़ डाला। भारत ने श्रेयस अय्यर (103) के शतक और विकेटकीपर लोकेश राहुल (नाबाद 88) और कप्तान विराट कोहली (51) के अर्धशतकों से चार विकेट पर 347 रनों का विशाल स्कोर बनाया लेकिन भारतीय गेंदबाज अपनी दिशाविहीन गेंदबाजी के चलते इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए।

टेलर ने 84 गेंदों पर 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 109 रन की मैच विजयी पारी खेली जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 348 रन बनाकर मैच जीत लिया। टेलर को उनकी नाबाद शतकीय पारी के लिए मैन ऑफद मैच का पुरस्कार मिला।

इस हार के लिए भारतीय गेंदबाज खास तौर पर जिम्मेदार रहे जिन्होंने 24 वाइड सहित 29 अतिरिक्त रन दिए। वर्ष 2013 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफवांडरर्स मैच के बाद यह पहला मौका है जब भारतीय गेंदबाजों ने एक वनडे में 20 से ज्यादा वाइड दी हैं। दुनिया के नंबर एक वनडे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने 10 ओवर में 13 वाइड सहित कुल 53 रन दिए।

मेरे लिए सपना पूरे होने जैसा: यशस्वी जायसवाल

पौचेफस्ट्रूम (वार्ता)। अपने नाबाद शतक से भारत को अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में पहुंचाने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि यह उनके लिए एक सपना पूरे होने जैसा है और वह सभी भारतीयों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने टीम के लिए प्रार्थना की। यशस्वी ने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 105 रन की मैच विजयी पारी खेली और दिव्यांश सक्सेना के साथ भारत को 10 विकेट से जीत दिलाकर फाइनल में पहुंचाया। यशस्वी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। यशस्वी इस टूर्नामेंट में भारत के पहले शतकधारी बने और साथ ही वह टूर्नामेंट में 300 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए।

यशस्वी और दिव्यांश के बीच पहले विकेट के लिए 176 रन की साझेदारी पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप में सबसे बड़ी साझेदारी है। उन्होंने सरफराज खान और संजू सैमसन के बीच 2014 में दुबई में पांचवें विकेट के लिए बनी 119 रन की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। इस युवा बल्लेबाज ने मैन ऑफद मैच का पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कहा,÷मैंने अपने देश के लिए जो किया है उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं इस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैं इस बात को कभी नहीं भूल पाऊंगा कि मैंने विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया और अपनी टीम को जीत दिलायी। मुझे और दिव्यांश को भविष्य में और भी मेहनत करनी होगा। यशस्वी ने कहा,÷साझेदारी के दौरान हम दोनों आपस में बात कर रहे थे कि हमें विकेट पर टिके रहने की जरुरत है। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआत में अच्छी गेंदबाजी की थी और हमें उनका स्पेल निकालने की जरुरत थी।

चेन्नई सुपरस्टार्स को हराकर टॉप पर पहुंचे नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स

हैदराबाद (वार्ता)। नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स ने मंगलवार को डबल हेडर के दिन खेले गए पहले मुकाबले में चेन्नई सुपरस्टार्स को 4-3 से हराते हुए स्टार स्पोर्ट्स प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन की अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। दोनों टीमें हालांकि पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। वॉरियर्स ने जीत के साथ शुरुआत की थी लेकिन चेन्नई ने पुरुष युगल मुकाबला जीतते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद चेन्नई की क्रिस्टी गिल्मर ने अपना ट्रम्प मैच जीतकर स्कोर 3-1 कर दिया लेकिन वॉरियर्स ने पुरुष एकल ट्रम्प मुकाबला जीत स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इसके बाद वॉरियर्स की मिश्रित युगल जोड़ी ने शानदार जीत के साथ अपनी टीम को 4-3 से जीत दिला दी। दिन का पहला मुकाबला पुरुष एकल था, जिसमें वॉरियर्स के लिए कौशल धर्मामेर सुपरस्टार्स के एसके करुणाकरन के खिलाफ

कोर्ट पर उतरे। धर्मामेर ने यह मैच 15-3, 15-11 से जीतते हुए वॉरियर्स को एक अंक दिला दिया। इसके बाद हालांकि सुपरस्टार्स की पुरुष युगल जोड़ी ने जीत हासिल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। सुपरस्टार्स की ओर से बी सुमित रेड्डी और ध्रुव कपिला कोर्ट पर उतरे और वॉरियर्स के बोडिन इसारा और कृष्ण प्रसाद गारागा को कड़े मुकाबले में 15-13, 15-14 से हराया। अगले मैच में वॉरियर्स के लिए अस्मिता चालिहा ने सुपरस्टार्स की क्रिस्टी गिल्मर का सामना किया लेकिन वह सुपरस्टार्स के इस ट्रम्प मैच में हार गईं।

लिएंडर पेस से हारे पिछले चैंपियन शरण

पुणे (वार्ता)। गत चैंपियन दिविज शरण को टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में मंगलवार को हमवतन लीजेंड खिलाड़ी लिएंडर पेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। शरण ने पिछले साल रोहन बोपन्ना के साथ युगल खिताब जीता था और इस बार वह न्यूजीलैंड के आर्टेम सिताक के साथ उतरे लेकिन पेस और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने उन्हें लगातार सेटों में 6-2, 7-6 से हरा दिया। महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में पेस और एबडेन ने पहला सेट 3-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-2 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला कड़ा हुआ और इसका फैसला टाई ब्रेक में जाकर हुआ।

प्रजनेश की विजयी शुरुआत

अर्जुन खाड़े हारे

पुणे (वार्ता)। भारत के नंबर-1 प्रजनेश गुणेश्वरन ने टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में मंगलवार को शानदार शुरूआत करते हुए जर्मनी के यानिक माडेन को पहले राउंड में हराकर टूर्नामेंट में अपनी विजयी शुरुआत की। महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में टूर्नामेंट के दूसरे दिन प्रजनेश ने टाई ब्रेकर तक गए सेटों के कड़े मुकाबले में माडेन को 7-6, 7-6 से हरा दिया। दूसरे राउंड में प्रजनेश का सामना कोरिया के सूनवु क्वोन से होगा। क्वोन को पहले राउंड में बाई बाई मिली है।

एकल वर्ग के अन्य मुकाबलों में स्थानीय खिलाड़ी अर्जुन को अपने पहले दौर में चेक गणराज्य के जीरी वैसिलि के हाथों लगातार सेटों में 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वाइल्ड कार्ड से इस टूर्नामेंट में प्रवेश पाने वाले अर्जुन ने दूसरे सेट में थोड़ी अच्छी वापसी की, लेकिन 26 वर्षीय वैसिलि ने अर्जुन को कोई मौका नहीं दिया और मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को भारत के रोहन बोपन्ना और सुमित नागल युगल वर्ग में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारत के युवा स्टार सुमित नागल एकल केपहले दौर के मुकाबले में सर्बिया के विक्टर ट्रायस्की से कल हार गए थे। ट्रायस्की ने यह मैच 6-2, 7-6 (7-4), 6-1 से जीता था।

नेट टू नेट | कश्यप ने बेहद रोमांचक मैच में 15-14, 14-15, 15-14 से प्रणीत को हराया

कांटे की टक्कर में प्रणीत ने कश्यप को दी मात

बेंगलुरू रैप्टर्स के बी साई प्रणीत ने मंगलवार को प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन में मुंबई रॉकेट्स के परूपल्ली कश्यप के तीन गेमों तक चले बेहद रोमांचक मैच में 15-14, 14-15, 15-14 से हरा दिया।

हैदराबाद (वार्ता)। प्रणीत के अलावा बेंगलुरू की ताई जू यिंग ने भी अपना मैच जीत बेंगलुरू की मुकाबले में वापसी कराने में अहम भूमिका निभाई। बेंगलुरू को पहले मैच में हार मिली थी लेकिन पहले यिंग और फिर प्रणीत ने अपने-अपने मैच जीत उसकी वापसी करा दी। बेंगलुरू इस मुकाबले में विजयी शुरुआत नहीं कर पाई। दिन के पहले मैच में पुरुष युगल वर्ग में रियां अबुंग सापुत्रों और अरुण जॉर्ज की जोड़ी को मुंबई के किस सी जुंग और किम सा रांग की जोड़ी ने मात दे दी। मुंबई की जोड़ी ने यह मैच 13-15, 15-8, 15-10 से जीत अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

जू यिंग ने हालांकि अगले मैच को जीत बेंगलुरू का खाता खोला और उसे 1-1 से बराबर करा दिया। दिन के दूसरे मैच में महिला एकल वर्ग में मुंबई की श्रेयांसी परदेशी का सामना पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 यिंग से था। बेंगलुरू के लिए खेल रही यिंग इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं हारीं। उन्होंने युवा श्रेयांसी को लगातार गेमों में 15-8, 15-12 से हराया।

दिन का तीसरा मैच पुरुष एकल वर्ग का था जो भारत के दो स्टार खिलाड़ियों के बीच था। बेंगलुरू ने प्रणीत को उतारा था और मुंबई ने कश्यप को उनके सामने भेजा। प्रणीत ने इस मैच में 15-14, 14-15, 15-14 से जीत हासिल कर अपनी टीम को दो अंक दिलाए। यह बेंगलुरू का ट्रम्प मैच था और पीबीएल में अपना ट्रम्प मैच जीतने वाली टीम को दो अंक मिलते हैं जबकि अपनी ट्रम्प मैच हारने वाली टीम को एक अंक का नुकसान होता है। मैच बेहद रोमांचक हुआ। कश्यप पहले गेम में 3-1 से आगे चल रहे थे और ब्रेक में भी वह 8-2 की मजबूत बढ़त के साथ गए। ब्रेक के बाद प्रणीत ने दमदार वापसी की इसमें कश्यप के गलत शॉट्स का भी योगदान रहा। धीरे-धीरे प्रणीत अंक लेकर अंतर को कम करने लगे और स्कोर 12-14 तक कर दिया और फिर एक अंक के अंतर से गेम जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

केप टाउन (वार्ता)। कप्तान क्विंटन डी कॉक (107) के शानदार शतक और मध्य क्रम के बल्लेबाज टी बवूमा (98) की हरफनमौला पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को इंग्लैंड को पहले वनडे में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 258 रन बनाने के साथ ही मेजबान टीम के सामने एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 14 गेंद शेष रहते ही तीन विकेट पर 259 रन बनाकर मैच जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम की

शुरुआत कुछ खास नहीं रही और 25 रन के स्कोर पर हेंड्रिक्स के रूप में उसे पहला झटका लगा। हेंड्रिक्स (6) को वोक्स ने विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान डी कॉक (107) ने बवूमा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 173 रन की मैच विजयी साझेदारी की।

दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में
बढ़े भूपेश सरकार के कदम...
वन परिक्षेत्र अधिकारी
भोपालपट्नम

दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
वन परिक्षेत्र अधिकारी
मद्देड़


दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
वन परिक्षेत्र अधिकारी
पामेड़

नवप्रदेश
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्र अधिकारी
आवापल्ली